'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
वर्ष 01, अंक 159 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 25 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

अंकित कबड्डी प्रशिक्षक नियुक्ति ट्रायल 27 को
Page 3



# आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर सोशल मीडिया की रहेगी विशेष निगरानी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित उम्मीदवार व पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार का खर्चा**

**सोशल मीडिया के माध्यम से आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय तथा जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के दौरान कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते। आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी, यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि चुनाव संपन्न होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति को आचार संहिता के उल्लंघन करने की इजाजत नहीं है। आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। टीमों की यूट्यूब, इस्ट्राग्राम, फेसबुक व वाट्सएप ग्रुप, एक्स आदि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला में गठित टीमें इस बार चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखेंगी और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देंगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी भी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यू-ट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं। निगरानी टीम को यदि ऐसे वीडियो मिलते हैं जो जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दर्शाते हों, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यूट्यूब चैनल चलाने वाले के खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी पर लागू होती है, जिसमें समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया भी शामिल है। मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाली खबर किसी एक पक्ष में न होकर केवल खबर ही होनी चाहिए। किसी धर्म, जाति या समुदाय के पक्ष एवं विपक्ष में खबरें छापने या चलाने से परहेज किया जाए। उन्होंने बताया कि समाचार पत्र या चैनल पर कोई भी विज्ञापन प्रकाशित करवाने से पहले एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से अनुमति लेनी जरूरी है, उसी प्रकार से सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन या अन्य प्रसार सामग्री डालने के लिए भी प्रशासन की अनुमति जरूरी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी रूप में विज्ञापन का खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जाता है।

**मीडिया की चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में अहम भूमिका**

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया का कर्तव्य केवल खबरें देना ही नहीं है बल्कि समाज में सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने में अपनी भूमिका अदा करना भी है। समाज में मीडिया की हमेशा सकारात्मक भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने में भी समाचार पत्र, न्यूज चैनल सहित अन्य सभी सोशल मीडिया से जुड़े लोगों से अपील है कि वे ऐसी कोई भ्रामक प्रचार सामग्री न चलाएं, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना हो।

**राजनीतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी रोड शो के लिए अनुमति**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक दल व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए संबंधित जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी सरकारी रेस्ट हाउस और डाक बंगला का प्रयोग किसी राजनैतिक बैठक, जलसा व कार्यक्रम के लिए नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं की जातिगत/ साम्प्रदायिक भावनाओं का फायदा नहीं उठाया जाए और ऐसी कोई गतिविधि नहीं हो, जिससे मतभेद बढ़ जाएं या आपसी नफरत पैदा हो या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक व भाषाई समूहों के बीच तनाव पैदा हो। इसके अलावा, कोई भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार जैसे कि भाषण, पोस्टर, संगीत इत्यादि के लिए नहीं कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर बनाई गई चुनाव खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रखेगी। चुनावी कार्यक्रमों में उम्मीदवार को आदर्श चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनावी खर्च का हिसाब-किताब रखने के लिए टेंट, भोजन, चाय, वाहन, प्रचार सामग्री आदि सभी की दरें तय की हुई हैं।

# मजदूर, कमेरा वर्ग और युवा ही अक्टूबर में हुड्डा को घर बैठाएंगे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस समारोह में शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रमिकों का दिल जीत लिया। प्रदेश से हजारों की संख्या में कुरुक्षेत्र पहुंचे श्रमिकों ने एक स्वर में नारा दिया कि हम तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे। श्रमिकों से खचाखच भरे पंडाल को देखकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी गदगद हुए और कहा कि यहां उमड़ी कमेरे वर्ग की भीड़ को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि ये कमेरा वर्ग ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस को एक अक्टूबर को घर बैठाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करके श्रमिकों, मजदूरों और मेरे कमेरा वर्ग को घर बैठे लाभ मिलता है, उनकी बेटियों की शादी के लिए कन्यादान मिलता है, औजारों के रुपये मिलते हैं, उसी श्रमिक हितैषी पोर्टल को बंद करने की बात भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोल रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोल रहे हैं कि कांग्रेस सरकार आने पर पोर्टल खत्म कर देंगे, हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) को खत्म कर देंगे। एचकेआरएन में लगे हुए एक लाख 20 हजार युवाओं की नौकरी हमने सुरक्षित की है, हुड्डा उस निगम को खत्म करके युवाओं को फिर बेरोजगार करने की बात कह रहे हैं। ये मजदूर और युवा ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अक्टूबर में घर बैठाएंगे। नायब सैनी ने हाथ जोड़कर सभी श्रमिकों का अभिनंदन किया और कहा कि किसी भी देश के आर्थिक विकास में श्रम सबसे महत्वपूर्ण होता है और भाजपा सरकार ने हमेशा श्रमिकों का सम्मान किया है। नायब सैनी ने भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दंतोपंथ थेंगड़े जी को भी नमन किया और कहा कि यह संगठन हमेशा देश हित के लिए काम करता है। सैनी ने कहा कि जो भी मांगें मजदूर नेताओं ने आज मंच से रखी हैं भाजपा सरकार आते ही उन्हें पूरा किया जाएगा। इस मौके पर सरकार में मंत्री सुभाष सुधा, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष छोटा गहलावत, हवा सिंह महला, देवीलाल, जितेंद्र वत्स, संदीप कुमार, हवा सिंह तंवर, सुशील राणा, राहुल राणा, रविंद्र सांगवान आदि मौजूद रहे।



# भाजपा के बूथ कार्यकर्ता चुनाव में योद्धा बनकर कार्य करते हैं : बिप्लब देब

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** दो दिन के गुरुग्राम प्रवास पर पहुंचे हरियाणा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता चुनाव में योद्धा बनकर कार्य करते हैं और उनके इसी कौशल की वजह से हम हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। श्री देब ने कहा कि भाजपा के दस साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित हैं। शनिवार को बिप्लब देब प्रवास के पहले दिन नवीन मंडल के बूथ नंबर 139, डूंडाहेड़ा मंडल के बूथ नंबर 89, 90, 91, 92 और बादशाहपुर मंडल के बूथ नंबर 292 पर पहुंचे। श्री देब ने कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा की और बूथ कार्यकर्ताओं के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान बिप्लब देब ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार और हरियाणा की नायब सरकार के जन हितैषी कार्यों एवं योजनाओं के बारे में अवगत कराया और विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। बिप्लब देब ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आप सभी लोग जुट जाएं। बूथ-बूथ पर कमल खिलाकर तीसरी बार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की जीत का आधार बनता है, इसलिए बिना थके और बिना रूके भाजपा की जीत के लिए काम करें। जनसंपर्क अभियान के दौरान बिप्लब ने मौजूद ग्रामीणों व अन्य लोगों से कहा कि भाजपा बिना भेदभाव किए सभी समान रूप से सभी का विकास करने वाली पाटी है। हरियाणा के युवाओं का भविष्य भाजपा में ही सुरक्षित है। भाजपा ने किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करके सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा की तरक्की के लिए तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में सहयोग करें। प्रवास के दौरान बिप्लब देब के साथ जिला अध्यक्ष कमल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष यादव, प्रदेश लाभार्थी योजना सह संयोजक महेश यादव, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला सचिव पीसी सैनी, जिला मीडिया सह प्रमुख राकेश राणा, प्रवक्ता विपिन यादव, रणजीत सरपंच पूर्व जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा, डूंडाहेड़ा मंडल अध्यक्ष विरेंद्र सरपंच, महामंत्री जतिन लोहिया, नीतू झा, शक्तिकेंद्र प्रमुख प्रेमलता, शक्ति केंद्र प्रमुख राकेश वत्स, शक्ति केंद्र प्रमुख एसएन सिन्हा, शक्ति केंद्र प्रमुख सोमनाथ असीजा, शक्ति केंद्र प्रमुख धर्मवीर भारती, अरुण त्यागी, जिले सिंह, करमचंद यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक निर्मल, उपाध्यक्ष गौरव यादव, पुरुषोत्तम कौशिक, मंडल अध्यक्ष जयवीर यादव, महामंत्री जयपाल राघव व डूंडाहेड़ा और बादशाहपुर गाँव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बिना अनुमति के कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार चुनाव प्रचार के लिए लाउड स्पीकर प्रयोग कर नहीं सकते : मनोज दलाल

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**लोहारू।** लोहारू के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या पार्टी समर्थक चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं कर सकता। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर का अंधाधुंध और निर्बाध उपयोग करने से लोगों को परेशानी के साथ-साथ शांति भंग होने का खतरा रहता है, इसलिए संबंधित राजनीतिक दल या उम्मीदवार चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें। उन्होंने बताया कि अनुमति के साथ ही सुबह 06 बजे से रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान अत्यधिक ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर का अंधाधुंध तथा अनियंत्रित प्रयोग से शांति तथा सौहार्द को भंग कर सकता है, जिससे आम जनता, बीमार व्यक्तियों तथा विशेष रूप से विद्यार्थियों को परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार और कोई भी अन्य व्यक्ति जो चलती गाड़ी या किसी निश्चित स्थान पर लाउडस्पीकर का उपयोग करते हैं, उन्हें संबंधित को रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार और कोई भी अन्य व्यक्ति जो चलती गाड़ी/वाहनों पर लाउडस्पीकर का उपयोग करते हैं, जिनमें ट्रक, टेम्पो, कार, टैक्सी, वैन, तिपहिया वाहन, स्कूटर, साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा आदि शामिल हैं, का उपयोग करने के लिए उन वाहनों की पंजीकरण पहचान संख्या डीईओ/संबंधित आरओ को सूचित करेंगे और वाहनों की ऐसी पंजीकरण पहचान संख्या दी गई परमिट पर इंगित की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार या किसी सार्वजनिक बैठक के लिए उपयोग किए जाने वाले लाउडस्पीकर रात 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे के बीच इस्तेमाल नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे की अवधि के दौरान तथा मतदान समाप्ति के बाद भी किसी भी प्रकार के वाहन पर या किसी तरीके से लगे लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

## संगठन के साथी को जजपा पार्टी का मिलना चाहिए टिकट : प्रदीप रोढां


**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** जेजेपी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला युवा महासचिव प्रदीप रोढां ने बताया 23 अगस्त को तोशाम में पार्टी के नेताओं की हल्का की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता भिवानी जिला के प्रभारी कृष्ण बजिणा भिवानी जिला प्रधान जितेंद्र भारद्वाज हल्का प्रधान ऋषिपाल फोगाट किसान सेल के पूर्व जिला प्रधान रविंद्र पटौदी इन नेताओं की अध्यक्षता में हुई कार्यकर्ताओं ने कहां की पार्टी को इन कार्यकर्ताओं के बीच में से किसी मेहती कार्यकर्ता को टिकट देने का काम करें हम सभी कार्यकर्ता मिलकर उस कैंडिडेट के लिए तन मन धन से मिलकर काम करेंगे कार्यकर्ताओं के जोश से पता लग रहा था कि तोशाम में अबकी बार कुछ अलग से होने वाला है कार्यकर्ताओं ने प्रभारी जिला प्रधान हल्का प्रधान को कहा कि आप जे जे पी हाई कमान नेताओं से बात करके जल्दी कैंडिडेट देने का काम करें क्योंकि कार्यकर्ता फील्ड में उतरे पार्टी लिए दिन रात एक करके कैंडिडेट को जीताने का काम करें।

## बालाजी मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव 26 को

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानीमंडी।** शहर श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी को मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के कैशियर पवन सिंगल ने बताया कि हर साल की भर्ती मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि इसके लिए मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में शाम के समय देवी देवताओं की झांकियां दिखाई जाएगी वहीं अर्धरात्रि का कीर्तन भी होगा । उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में हर साल की भांति हजारों धर्म प्रेमी भाग लेंगे । कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर दी गई है।



# बीजेपी को एक के बाद एक झटके, रोजका मेव में आफताब को जाकिर समर्थकों का समर्थन

## कई सरपंचों, ब्लॉक उप चेयरमैन, पूर्व सरपंचों ने कांग्रेस को दिया समर्थन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा में भले ही वोट डालने में अभी पांच हफ्तों का समय बाकी है लेकिन दक्षिण हरियाणा के नूंह जिले में कांग्रेस विधायक चौधरी आफताब अहमद और उनके समर्थकों के जोश और जुनून की कहानी वहां की जमीनी राजनीतिक हवा को साफ साफ बयान कर रही है। चुनाव घोषणा के पश्चात कांग्रेस को प्रतिदिन कई कई गांवों में अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। शनिवार को नूंह की गुडगांव सीमा से सटे महत्वपूर्ण और औद्योगिक गांव रोजका मेव में आफताब अहमद को दर्जनों जाकिर हुसैन के कट्टर समर्थकों का समर्थन मिला।

इन प्रमुख जाकिर हुसैन समर्थकों ने थामा आफताब अहमद का हाथ: हाजी रमजान सरपंच, दिलशाद चैयरमैन, अरजन सरपंच, अजीज पहलवान, जम्मल सरपंच महरोला, जम्मल सरपंच खेड़ी, समसू ठेकेदार खोड़, गुल्लू कुरैशी, हाजी अली खान, खुर्शीद, ताहिर, रहमान सरपंच बसई, नासिर, गफूर, सकील सहित अन्य।

इस दौरान बीजेपी व जाकिर हुसैन को छोड़ने वाले प्रमुख लोगों ने आरोप लगाया कि बीजेपी और उनके पूर्व उम्मीदवार लोगों के बीच से 5 साल गायब रहे जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। महत्वपूर्ण और मुश्किल समय में भी जनता की मदद करने के बजाय उनसे दूरी बनाना लोगों को खल गया।

वहीं उन्होंने कहा कि विपक्ष के विधायक होने के बावजूद आफताब अहमद इलाके के साथ रहे और हर संभव सकारात्मक प्रयास करते रहे। फिर चाहे कोरोना काल हो, नूंह की 31 जुलाई की घटना में शांति स्थापित करने के प्रयास हों या स्थानीय मुद्दों को विधानसभा में पुरजोर तरीके से रखने की बात हो। लोगों के अनुसार पूरे पांच साल आफताब अहमद जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करते नजर आए हैं।





विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि जिस तरह से रोजका के दर्जनों प्रमुख लोगों ने उनके प्रतिद्वंदी को छोड़कर उनका हाथ थामा है उसके लिए वो हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि पूरे मान सम्मान के साथ सभी को अपने साथ लेकर इलाके और लोगों का समान विकास करें। उन्होंने कहा कि रोजका गांव में मौजूदा और पूर्व सरपंच सहित ब्लॉक उप चेयरमैन का समर्थन देना इस बात का प्रमाण है कि अब लोग व्यक्तिगत या गांव स्तर की राजनीति से ऊपर उठकर अपने बच्चों और इलाके का विकास चाहते हैं। हाल ही में दिहाना गांव में गांव की सभी पार्टियों ने आफताब अहमद को समर्थन दिया था अब रोजका मेव में भी सरपंच, पूर्व सरपंच और ब्लॉक चेयरमैन सभी कांग्रेस में इकट्ठे हो गए हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि पहले भी उन्होंने कांग्रेस कार्यकाल में विकास कराया था अब फिर कांग्रेस सरकार बनने पर इलाके का दस सालों से विकास तेज किया जाएगा। कांग्रेस ने जहां शहीद हसन खान मेवाती मेडीकल कॉलेज, महिला कॉलेज, बहुतकनिकी संस्थान, आई टी आई, आरोही स्कूल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, महिला छात्रावास, राजीव गांधी रेनीवेल परियोजना, बादली परियोजना, जिला बनाने, राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़कों का जाल, रोजगार के संसाधन, इंजीनियरिंग कॉलेज, मानू संस्थान, जेबीटी संस्थान आदि की परियोजनाएं दी थी। केंद्रीय विद्यालय सालाहेड़ी, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेड़ा, कोटला झील का विस्तारीकरण आदि की परियोजना को रोका गया है। दस सालों से इलाके का विकास रोका गया है लेकिन अब कांग्रेस सरकार बनने पर सभी रुके हुए कामों को पूरा कराया जाएगा। स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार, मूल भूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसानों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, गरीबों, मजदूरों आदि के लिए कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया है। हर वर्ग त्राहि त्राहि कर रहा है, सैंकड़ों किसान शहीद किए गए हैं।

पेपर लीक हों या सड़क पर संघर्ष करते हुए प्रदेशवासी सभी बीजेपी सरकार के कुकृत्यों से तंग हैं और लोग कांग्रेस सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है बीते लोकसभा चुनावों में आधे से अधिक सीटों पर कांग्रेस ने बीजेपी को हराने का काम किया है। इस दौरान आस पास के गांवों के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# नूंह विधानसभा में तीसरे मोर्चे ने दिया इनैलो को समर्थन




**इनैलो की टिकट मांग रहे हाजी सोहराब लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान, फकरुद्दीन एडवोकेट चंदेनी, तैयब हुसैन घासेडिया में से जिसे भी मिलेगी टिकट, उसी का दिया जाएगा साथ**

**हबीबुर्रहमान ने दी विधायक आफ़ताब अहमद और चौधरी जाकिर हुसैन को निर्दलीय चुनाव लड़ने की चुनौती**

**नूंह विधानसभा में देखने को मिल सकता है त्रिकोणीय मुकाबला**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधानसभा की राजनीति में नया मोड़ आया है। अब तक इस विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला दिख रहा था, लेकिन शनिवार को सद्भावना मंडप खेड़ला में आयोजित हुई तीसरे मोर्चे की बैठक में इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार को विधानसभा चुनाव में समर्थन करने का फैसला लिया गया है। इस मोर्चे का संयोजक कांग्रेस नेता पूर्व मार्केट कमेटी चैयरमेन शकूर खान को बनाया गया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान इंडियन नेशनल लोकदल नेता फखरुद्दीन एडवोकेट चंदेनी, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान, पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष शकूर खान एवं गुरुग्राम लोकसभा से इनेलो के उम्मीदवार रहे हाजी सोहराब के छोटे भाई हाजी इमरान ने पत्रकारों को संयुक्त रूप से दी जानकारी में कहा कि तीसरी मोर्चे का गठन इसलिए किया गया है कि लोग इन दो बड़े राजनीतिक घरानों कांग्रेस विधायक आफताब अहमद एवं भाजपा नेता पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन की राजनीति से तंग आ चुके हैं। इसलिए विकल्प चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे मोर्चे से जुड़े हर व्यक्ति का वह सम्मान करते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नूंह विधानसभा सीट पर इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार की जीत होगी। तीसरे मोर्चे की बैठक में यह भी तय किया गया है कि उपरोक्त जो चार व्यक्ति हैं। उनमें से ही अगर पार्टी किसी एक पर अपना भरोसा जताती है और उन्हें अपना उम्मीदवार बनाती है तो सभी एकजुट होकर उन्हें जिताने का काम करेंगे। पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान नूंह जिले के एक बड़े राजनीतिक परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दो - टूक कहा कि नूंह विधानसभा में कुछ मुकाबला मौजूदा विधायक कांग्रेस नेता आफताब अहमद से हो सकता है, क्योंकि कांग्रेस का हरियाणा में शोर सुनाई दे रहा है। लेकिन उन्होंने साफ तौर पर चुनौती देते हुए कहा कि अगर विधायक आफताब अहमद एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन उनसे बिना किसी पार्टी के टिकट पर निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उनकी छूट है। वह उनसे चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कुल मिलाकर नूंह विधानसभा की लड़ाई अब दिन - प्रतिदिन रोचक होती दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि शनिवार को सद्भावना मंडल खेड़ला भवन में हुई तीसरे मोर्चे की बैठक में कई दर्जन सरपंच, पूर्व सरपंच के अलावा कई राजनीतिक दलों से जुड़े हुए कार्यकर्ता सामने आए। खास बात यह है कि अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो भाजपा और कांग्रेस से टिकट मांग रहे हैं। अगर उन्हें टिकट नहीं मिलती है तो वह भी जल्द ही तीसरे मोर्चे का हिस्सा होंगे। नूंह विधानसभा चुनाव पर अब कांग्रेस भाजपा तथा इनेलो की नजरें रहने वाली हैं। क्योंकि तीसरे मोर्चे के गठन के बाद यह लड़ाई त्रिकोणीय होती हुई दिखाई दे रही है।

# मामन की राह में रोड़े अटका रहे कई दिग्गज, सलामुद्दीन सबसे आगे

**कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सामने दिल्ली में दिया सलामुद्दीन ने साक्षात्कार**

**स्नातक, वकालत और ग्रामीण विकास में किया एमए**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने के लिए पहली बार कांग्रेस पार्टी संभावित उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग करने में जुटी है। दिल्ली कांग्रेस दफ्तर में चल रही स्क्रीनिंग की कार्रवाई ने मौजूदा विधायकों की नींद हराम कर दी है। नीति आयोग के सबसे पिछड़े जिले नूंह पर सबकी नजर है। क्योंकि मेवात में एक साल पहले हुई हिंसा के कारण फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मामन खान सवालों के घेरे में हैं। उन पर यूएपीए की धाराओं में केस दर्ज है और वो फिलहाल जमानत पर हैं। हाल में रेवाड़ी की एक पंचायत ने उन्हें कांग्रेस पार्टी का टिकट नहीं देने की मांग उठी थीं। फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट पर कांग्रेस का टिकट पाने के लिए 15 दावेदार स्क्रीनिंग कमेटी के सामने पेश हो चुके हैं।

दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी के सामने अपना साक्षात्कार देने वाले जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता सलामुद्दीन एडवोकेट बताते हैं कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट पर चाहे जितने दावेदार हैं लेकिन उनकी दावेदारी मेवात में काम करने के कारण सबसे मजबूत है। अगर कांग्रेस टिकट देती है तो जीत पक्की है।

उन्होंने कहा कि फिरोजपुर झिरका विधायक के गैर जिम्मेदाराना बयानों के कारण इलाके को हिंसा झेलनी पड़ी और जिससे मेवात का नाम पूरी दुनिया में बदनाम हुआ। आजादी के बाद मेवात के किसी विधायक ने पहली बार ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया। अन्यथा मेवात इलाका तो हिंदू मुस्लिम भाईचारे और गंगा जुमनी तहजीब का गहवारा है।

कांग्रेस टिकट के दावेदार सलामुद्दीन एडवोकेट ने बताया कि हाल में रेवाड़ी में एक पंचायत हुई जिसमें विधायक का विरोध हुआ और कांग्रेस पार्टी को चेतावनी दी गई कि यदि टिकट दिया तो हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनावों में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि उनके लंबे संघर्ष को देखते हुए कांग्रेस पार्टी टिकट देगी क्योंकि उनके साथ 35000 से अधिक युवा मेवात क्षेत्र में जुड़ें हैं। किसान, ड्राइवर व उलेमा बिरादरी का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है।

**कौन है सलामुद्दीन:**

नगीना खंड के गांव नोटकी से ताल्लुक रखने वाले सलामुद्दीन एडवोकेट (45) गत 20 साल से मेवात क्षेत्र में आमजन के मददगार के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उनके पिता हाजी इसहाक नोटकी गांव के दो बार सरपंच रहे। वो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहे। दो बार मेवात विकास सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महासचिव रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी की 25 गारंटी के प्रधान सदस्य भी रहे। मेवात के गांधीग्राम घासेड़ा में मेवात दिवस के उपलक्ष में 22 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी के लिए विशाल जनसभा का सफल आयोजन कर चुके हैं। आगाज ए दोस्ती यात्रा व गांधी ग्लोबल फाउंडेशन के सदस्य हैं। किसान आंदोलन में अहम भूमिका निभा चुके हैं। सामाजिक सौहार्द के लिए सैंकड़ों पंचायतें कर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाएं हैं। युवाओं के करियर काउंसलिंग पर सफल आयोजन करें हैं। एनआरसी-सीएए के खिलाफ उत्तर भारत में सबसे बड़ा प्रदर्शन गांधीग्राम घासेड़ा में किया था। मॉब लिंचिंग के खिलाफ लोअर कोर्ट से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक न्याय की लड़ाई लड़ी। मेवात के ट्रक ड्राइवर के लिए पढ़े-लिखे की शर्त हटवाने हेतु के नूंह मुख्यालय पर 40 दिन धरना दिया और कानून निरस्त कराया। ऐसे अनेकों काम हैं जिससे उन्हें जनता अपना रहनुमा मानने लगी है।

# तंजीम आईमा-ए-ऑकाफ ने भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में सम्मान-समारोह आयोजित किया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को मदरसा फैजुल इस्लाम, मालब में तंज़ीम आइमा-ए-औका़फ, हरियाणा द्वारा भाजपा नेता व पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में सम्मान-समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैंकडों ईमाम व उलेमा हज़रात ने भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन का फूलमालाओं व पगड़ी बाँधकर जोरदार स्वागत किया। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने ईमाम व उलेमा हज़रात को संबोधित करते हुए जोरदार स्वागत व सम्मान के लिए सभी ईमामों व उलेमा हज़रात का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके व उनके परिवार के लिए ईमाम व उलेमा हज़रात का सबसे ऊंचे पायदान पर स्थान है। उन्होंने 36 बिरादरी के मान-सम्मान के साथ-साथ उलेमा हज़रात की भी हमेशा सम्मान किया है। ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की तरक्की के लिए दिन-रात प्रयास किए हैं। कभी बंद होने की कगार पर चलने वाला हरियाणा वक्फ़ बोर्ड आज फायदे में चल रहा है। ईमाम हज़रात व सभी कर्माचारियों की तनख्वाहें समय पर मिल रही हैं।




तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ की तरफ से मौलाना अनवार ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता जी मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन साहब के पदचिन्हों पर चलते हुए ईमाम व उलेमा हज़रात को पिछले 4 वर्षों में वो दिया जिसकी उन्होंने उम्मीद भी नहीं की थी। वे दिन-रात ईमाम व उलेमा हज़रात के लिए कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने ईमामों के दुखों को समझा है। आज पूरी तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ उनके द्वारा किए गए कार्यों से बहुत खुश है। उन्होंने कहा कि वे तन-मन-धन से भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन व भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं।

कारी हनीफ मालब ने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन 36 बिरादरी के सच्चे हितैषी हैं। ईमाम व उलेमा हज़रात का उनके दिल में बहुत सम्मान है। ईमामों ने जब भी उनसे अपनी माँगे रखी उन्होंने उनसे ज्यादा देने का काम किया। अभी कुछ दिन पूर्व ही चौधरी साहब ने मरहूम के वारिसैन को लगभग 42 नौकरियाँ देने का काम किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ व उलेमा हज़रात द्वारा चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में शानदार व विशाल सम्मान-समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में ईमाम व उलेमा हज़रात शामिल होंगे।

मौलाना असरूद्दीन ने भी चौधरी ज़ाकिर हुसैन द्वारा हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के विकास व ईमाम, उलेमा हज़रात के लिए किए गए गए कार्यों के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनका परिवार 36 बिरादरी का सच्चा हमदर्द है। उन्होंने दिन-रात हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के विकास के लिए कार्य किया है। एक समय ऐसा था कि हरियाणा वक्फ़ बोर्ड बंद होने के कगार पर था। लेकिन चौधरी साहब ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन व सीईओ मौश शाईन के साथ मिलकर दिन-रात प्रयास करके हरियाणा वक्फ़ बोर्ड को आज फायदे में पहुंचाया है।

इस अवसर पर कारी हनीफ मालब, मौलाना असरूद्दीन तेड़, मौलाना अनवार, मौलाना लुकमान, मौलाना कादिर, मौलाना हारून तेड़, मौलाना जकरिया घासेड़ा, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना सलीम, मौलाना असरूद्दीन, हाफिज जान मौहम्मद, मौलाना हारून मालब, हाफिज मौज्जम ऊमरा, मौलाना जमालुद्दीन, मौलाना आबिद, मौलाना मुबारक, हाफिज स्वालिहीन, मौलाना अनवार, कारी जावेद, हाफिज सुलेमान, हाफिज मतलूब, मौलाना कमरूद्दीन, हारून नंबरदार, युनुस आकेड़ा आदि के अलावा सैंकडों ईमाम व उलेमा हज़रात मौजूद रहे।

# सैनी समाज ने चिरंजीव राव को दिया समर्थन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** रेवाडी स्थित किसान वाटिका में पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी की अध्यक्षता व विधायक चिरंजीव राव की मौजूदगी में सैनी समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी भी मौजूद रहे। जिसमें सैनी समाज ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विधायक चिरंजीव राव को अपना समर्थन दिया। पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सैनी समाज के लिए कैप्टन अजय सिंह यादव ने अनेकों कार्य किए हैं। उन्होंने लडकियों के कॉलेज का नाम प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले के नाम पर रखा। इसके अलावा सैनिक स्कूल में भी काफी आर्थिक मदद की थी। वहीं कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में राजा सूरसेन के नाम से मूर्ति का अनावरण भी कैप्टन अजय सिंह यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा से करवाय था। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार सैनी समाज विरोधी है, इस सरकार की कथनी और करनी में बहूत अंतर है।



वहीं विधायक चिरंजीव राव ने अपने संबोधन में कहा समर्थन देने के लिए मैं सेनी समाज का धन्यवाद करता हूं। कांग्रेस शासनकाल में हमने बहूत से कार्य सैनी समाज के लिए करवाए। लडकियों के कॉलेज का नाम प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले के नाम से, राज सूरसेन की मूर्ति का अनावरण, यहां तक कि मेरे पिता जी कैप्टन अजय सिंह यादव ने धर्मशाला के लिए भी जगह अलॉट करा दी थी। अब कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर सैनी समाज के अन्य सभी कार्यों को पूरा किया जाएगा जो भी सैनी समाज चाहेगा। चिरंजीव राव ने कहा एक महिने बाद हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। मौजूदा सरकार से हर कोई तंग आ चूका है। मंहगाई, बरोजगारी और भष्ट्राचार से जनता परेशान है। इसलिए कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाने का मन जनता ने बना लिया है। इस मौके पर खुशीराम सैनी, रामजी लाल सैनी, दीपक सैनी पार्षद, दीपक पूर्व पार्षद, ओमवती सैनी जिला अध्यक्ष, जसवंत सैनी, राकेश सैनी पार्षद, हेमंत सैनी, हरिश सैनी पूर्व डीसीसी अध्यक्ष, सूर्य कांत सैनी, राहुल सैनी इत्यादि के अलावा सैकडों की संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद रहे।

## वृद्धों की सेवा से पुण्य मिलता है : दीपक



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** श्री राम शाखा भारत विकास परिषद ने आशियाना वृद्धाश्रम संचालित बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट में अपने सचिव डॉक्टर दीपक यादव व सहसचिव सीए अमन गुप्ता की माताजी दया गुप्ता का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने वहां मौजूद वृद्धजनों का हाल-चाल पूछा और उनका आशीर्वाद लिया। श्री राम शाखा के सदस्यों ने वहां के काटकर डॉक्टर दीपक व श्रीमती दया गुप्ता जी का जन्मदिन मनाया व फल वितरित किए। इस अवसर पर डॉ दीपक व सीए अमन गुप्ता ने आश्रम को 21हजार के बर्तन व 21 हजार रुपए की राशि वृद्ध आश्रम में लगने वाले सोलर पावर प्लांट में सहयोग स्वरूप दी। इस मौके पर अध्यक्ष का जितेश अग्रवाल ने बताया की बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों में भारत विकास परिषद की शाखाएं हमेशा अपना सहयोग देती रहेगी। बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश राजपाल जी ने सभी का आभार व्यक्त किया व वृद्धजनों के साथ इसी प्रकार छोटी-छोटी खुशियां मनाकर व उनके साथ समय बिताकर उनके जीवन को हर्षौलहित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव संपर्क डॉ रामबाबू गुप्ता, संरक्षक रेवाड़ी शाखा रमेश सचदेवा, आरएसएस जिला संपर्क प्रमुख प्रशांत गुप्ता, विवेकानंद शाखा अध्यक्ष अतुल बत्रा, सचिव संजीव, श्री राम युवा शाखा की तरफ से उपाध्यक्ष सीए जतिन सैनी, कोषाध्यक्ष सचिन सिंघल, डॉ प्रशांत यादव, डॉ नीरज यादव, डॉ तरुण नेगी यादव, सीए यश अरोरा, सहमहिला संयोजिका मानसी अरोड़ा, रोहन गुप्ता, राजवीर यादव, मोहित गोयल, जतिन अग्रवाल व गणमान्य मौजूद रहे।

# जनता ने मौका दिया तो शहर की समस्याओं का हल निकलेंगे : सोमाणी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** बजाजा बाजार में 2024 विजय अभियान के तहत राष्ट्रीय नव चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक जननेता विजय सोमाणी पहुंचे, जहां बाजार के व्यापारियों ने एकजुट होकर माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सभी व्यापारीगण ने विजय सोमाणी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश की व अपना समर्थन दिया। श्री सोमाणी ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाजार में अतिक्रमण चिंता का विषय है, जिससे बाजार में आने वाले ग्राहकों को व व्यापारियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। मानसून के समय में खासतौर से बाजार में बारिश के पानी का कोई निकासी न होने के कारण जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है जिसका मुख्य कारण सीवर की उचित व्यवस्था न होना है। पगडंडियों का बुरा हाल है, पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होना बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा जनता ने 2024 में विधायक बनने का मौका दिया तो इन समस्याओं का हल लेकर आएंगे, रेवाड़ी के बाजार को व्यापारियों और ग्राहकों के लिए एक उत्तम स्थान बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि रेवाड़ी में दो ही परिवार कई दशकों से सत्ता सुख भोग रहे है लेकिन आमजन को हो रही परेशानियों का कोई समाधान नहीं निकला। शहर में आए दिन लग रहा ट्रैफिक जाम इसका उदाहरण है। इस मौके पर नवीन भुराड़िया, संजय कुमार, सुभाष अग्रवाल, हरि कृष्ण लाल, किशोरी लाल नागपाल, सनी, जितेंद्र शर्मा, बाबूराव, भगवानदास रंगा, कृष्ण यादव व अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# अंकित कबड्डी प्रशिक्षक नियुक्ति ट्रायल 27 को



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** खेल विभाग हरियाणा द्वारा जिला मे कबड्डी खेल के रुझान को देखते हुए अंकित चंदीला, कबड्डी प्रशिक्षक की नियुक्ति की गयी है। इस बारे जानकारी देते हुए आशा रानी, कार्यकारी जिला खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षक द्वारा इस जिला मे कार्यग्रहण कर लिया है और अपना प्रशिक्षण केंद्र खेल परिसर, सेक्टर-12 में स्थापित कर लिया गया है। प्रशिक्षक द्वारा विभागीय नर्सरी स्कीम के अंतर्गत कबड्डी नर्सरी स्थापित करने हेतु आगामी 27 अगस्त को खेल परिसर, सेक्टर-12 मे सांय 4 बजे ट्रायल आयोजित किये जा रहे हैं। जो भी खिलाडी 8 से 19 वर्ष के बीच की आयु का है, वो इस ट्रायल मे भाग ले सकता है। चयनित खिलाडी मे से 8-14 वर्ष के खिलाडी को मास मे 22 दिन की हाजिरी पूर्ण करने पर 1500 रुपए मासिक तथा 15-19 वर्ष के खिलाडी को 2000 रुपए मासिक छात्रवृत्ति दी जायेगी। जो भी कबड्डी खिलाड़ी नर्सरी में दाखिला लेना चाहता है वो ट्रायल में भाग लेने हेतु अपना आयु प्रमाण पत्र लेकर इस ट्रायल में भाग ले सकता है।

# सरकारी विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द में हुआ छात्रों का सम्मान



**समाचार गेट/कविता**

**बल्लभगढ़।** पृथला विधानसभा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द में छात्र-सम्मान समारोह का आयोजन स्वर्गीय मा. चतुर्भुज की याद में उनके पुत्र एन.के. शर्मा व आर.के. शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय इंचार्ज दयाचंद भारद्वाज ने की। गोपाल शास्त्री ने बताया कि दोनों शर्मा बन्धु अपने पिता मा. चतुर्भुज की स्मृति में प्रतिवर्ष छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं। जिसमें प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा तथा खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शामिल कर सम्मान करते हैं। विदित हो कि पन्हैड़ा खुर्द में मा. चतुर्भुज सबसे पहले अध्यापक हुए हैं। इस अवसर पर डी.के. शर्मा, नानकचंद, शीशराम, सरपंच प्रतिनिधि जेपी शर्मा, रघु वत्स, देवेन्द्र मलिक प्रवक्ता, प्रदीप कुमार, चमन, देवेन्द्र, वेदप्रकाश, दीपक, पुष्पा, दर्शन सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# जीवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी परंपरागत ढंग से मनाई गई



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सैक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। विद्यालय में सभी छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ एवं सभी संयोजिकाओं ने श्रीकृष्ण भगवान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। तदुपरांत माखन मिश्री का प्रसाद चढ़ाया गया और पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। छात्रों ने भगवान श्रीकृष्ण के सभी रुपों और उनकी कलाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया व उसके महत्व के विषय में भी बताया।

# सेंट कोलंबस स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी का पर्व



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस स्कूल, दयाल बाग, के प्रांगण में शनिवार भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मीनाक्षी चौधरी, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर व सम्मानित अतिथि सम्मोहिनी रूपा, को-ऑर्डिनेटर ऑफ स्कूल प्रीचिंग प्रोग्राम (इस्कॉन, फरीदाबाद) व प्रगति सिंगला (मेंटर ऑफ इस्कॉन गर्ल फोरम, फरीदाबाद) तथा अन्य इस्कॉन के सदस्य रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व निदेशिका संगीता भाटी ने पौधे प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात, बाल कृष्ण बने रुद्रा तथा राधा रानी बनी अनाया भड़ाना को तिलक किया, माला पहनाई व माखन-मिश्री का भोग लगाकर उन्हें झूले पर विराजमान किया।

# नन्हें मुन्हें बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर मनाई जन्माष्टमी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मैक कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कुछ झांकियों जैसे गोवर्धन पर्वत, गौशाला, माखन खाते हुए बड़े ही खूबसूरत ढंग से दर्शायी गई। राधा-कृष्ण बने छोटे छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों को मंदिर भी ले जाया गया जहां उन्हें प्रसाद भी दिया गया। बच्चों का नृत्य भी मंत्रमुग्ध करने वाला था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति तनेजा और शिक्षिकाओं ने बढ़चढकर योगदान दिया और बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# विधायक राजेश नागर का बडौली में हुआ जोरदार सम्मान

## बाग वाला मंदिर में स्थानीय लोगों ने पहनाया चांदी का मुकुट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर का बडौली गांव के बाग वाला मंदिर में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें चांदी का मुकुट भी पहनाया।

लोगों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान हम अपने विधायक राजेश नागर को अपना पूर्ण समर्थन दे रहे हैं। पार्टी उन्हें आशीर्वाद देगी तो हम भी उन्हें पिछली बार से भी ज्यादा वोटों के साथ जिताकर विधानसभा पहुंचाएंगे। विधायक नागर को गांव के प्रवेश द्वार पर ही बड़ी संख्या में हाथों में भाजपा के झंडे थामे युवाओं ने स्वागत किया और एक जुलूस की शक्ल में लेकर बाग वाला मंदिर पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विधायक राजेश नागर को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक नागर ने कहा कि उन्हें अपने बडौली गांव के लोगों के बीच आकर हमेशा अच्छा लगता है। आपने हमेशा ही मेरा साथ दिया। आपने तीनों विधानसभा चुनावों में मुझे जिताया है। इनमें दो विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव के मत भी शामिल हैं। नागर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहतर योजनाएं देते हैं और हम उन्हें लागू करने के लिए प्रशासन से सहयोग लेते हैं। इस प्रकार जनहित में किए जा रहे भाजपा सरकार के काम लोगों के दिलों में जगह बना रहे हैं। इनमें शिक्षा, चिकित्सा और विकास के मामले प्रमुख हैं। सरकारी नौकरियों में पर्ची खर्ची को पूरी तरह से मिटाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। जिसकी जनता प्रशंसा कर रही है। नागर ने कहा कि आप अपने प्रेम को मेरे साथ बनाए रखें, मैं हमेशा आपके साथ हूं।

इस अवसर पर जयवीर खटाना, जगदीश चंदीला, विकास चंदीला, महावीर चंदीला, राजपुर कलां सरपंच नवल किशोर, फरीदपुर सरपंच सतपाल, रामपाल सरपंच, श्याम सरपंच, धीरी सरपंच, सत्तू चंदीला, नम्बरदार रवि नागर, महेंद्र चंदीला, हितेश शर्मा, अजब चंदीला, रूपी सरपंच, प्रहलादपुर रोहताश भाटी, राकेश ठेकेदार, हरीचंद सरपंच, ओमप्रकाश चंदीला, अशोक सरपंच, संतराज चंदीला, हरीराम चंदीला, जिला पार्षद अनिल पाराशर, अमीपुर सरपंच सुभाष, लालपुर सरपंच ललित चौहान, अधाना तिगांव सरपंच वेद प्रकाश अधाना, नागर तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर, महमूदपुर सरपंच हमेश पीलवान, लहडौला सरपंच अजब नागर, किडावली सरपंच केहर सिंह, भसकौला सरपंच रवि, कांवरा सरपंच कृष्ण दीक्षित, ब्लॉक समिति मैंबर सुरजीत सिंह, ब्लॉक समिति मैंबर उमेश, नेत्रपाल चंदीला, सुरेंद्र बिधूडी, दुष्यंत नागर, रायपुर सरपंच धर्म सिंह, राजेंद्र नागर, हरिचंद सरपंच, अजीत सरपंच, आर एस नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में सराय स्कूल आठ इवेंट्स में प्रथम और एक में द्वितीय



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद के जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य विद्यार्थियों का डिस्ट्रिक्ट लेवल लीगल लिटरेसी कंपटीशन में प्रशंसनीय प्रदर्शन रहा।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी दस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। उल्लेखनीय है कि डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट, भाषण, कविता गायन, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने दस में से आठ इवेंट्स पावर पॉइंट में मंदिश मिश्रा प्रथम, डॉक्यूमेंट्री फिल्म में श्याम बाबू प्रथम, क्विज में डिंपल, बजरंगी और प्रेम की टीम प्रथम, पोस्टर मेकिंग में शिवांगी प्रथम, भाषण में मोनिका सेठी प्रथम, कविता गायन में प्रीति प्रथम, पेटिंग में एकता प्रथम और स्किट में शिवांगी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों का सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास करना ही हमारा प्रमुख ध्येय है। शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देशों के अंतर्गत विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया जाता है।

विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को जिला स्तर की प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के उपरांत मंडल स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा।

प्राचार्य और अध्यापकों ने छात्रा मोनिका सेठी, प्रीति, शिवांगी, एकता, डिंपल, छात्र बजरंगी, प्रेम, अभय, रजनीश, मंद्रिश मिश्रा, श्याम बाबू, प्रियांशु, और राम बहादुर सहित सभी को सम्मानित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्राध्यापिका सुशीला बेनीवाल, बबीता, गीता, पायल, नम्रता अरोड़ा सहित प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा सभी का सहयोग देने और विद्यालय के लिए सम्मान प्राप्त करने के लिए स्वागत और अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया तथा सदैव परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया तो होगी कार्यवाही



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आदर्श चुनाव आचार संहिता के लागू होने पर जिला प्रशासन एक्शन मोड में है और आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देश पर शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे राजनेताओं के होर्डिंग को आज भी तुरंत प्रभाव से हटाया गया। चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषणा करने के बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले में रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सडक मार्ग, सरकारी बसों, बिजली खंभों, सरकारी भवनों से बैनर, झंडे को हटाने का काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत आज फरीदाबाद के साथ-साथ बल्लभगढ़ में रेड लाइट चौक, पुराना पेट्रोल पंप, सेक्टर 3 बल्लभगढ़, दिल्ली-मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस वे फ्लाईओवर बल्लभगढ़, राजा नाहर सिंह गेट, भगत सिंह कॉलोनी बल्लभगढ़, आरडब्ल्यूए गेट, सेक्टर-11, 12, 14 एवं 15, सेक्टर-15, फरीदाबाद, ऑफिसर कॉलोनी, अजरोंदा गांव मुख्य सडक, सेक्टर-56, 58, 59, अग्रवाल धर्मशाला, सेक्टर-2 बल्लभगढ़ तथा दिल्ली. मथुरा रोड फ्लाईओवर आदि स्थानों पर जो भी पोस्टर और बैनर लगे थे उनको हटवा दिया गया है।

सम्बंधित अधिकारीयों का कहना है कि कई जगह टीम लगाकर होर्डिंग्स को हटवाया जा रहा है। जहां आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आ रही थी। वहां दोबारा टीम भेज कर होर्डिंग्स को हटवाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी की निर्देशानुसार यदि इसके बावजूद भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सड़कों एवं मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए तीव्र गति से हो रहा कार्यः उपायुक्त

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह द्वारा जिला फरीदाबाद की सड़कों एवं मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तथा सडकों तथा मुख्य मार्गों की मरम्मत तथा पैच वर्क के लिए नगर निगम, पीडबल्यूडी, एफ.एम.डी.ए. तथा एन.एच.ए.आई सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी गये हैं कि सभी अधिकारी उनके विभागों के अंतर्गत आने वाली सड़कों एवं मुख्य मार्गों के मरम्मत तथा पैच वर्क जल्द-से-जल्द पूरा करवाएं तथा इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भी उनके कार्यालय में नियमित रूप से भिजवायें। उपायुक्त ने कहा कि जिला फरीदाबाद की सड़कों व मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने तक यह मरम्मत एवं गड्ढे भरने का कार्य निरंतर चलता रहेगा। उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशों की पालना में पैच वर्क तथा गड्ढे भरने का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। जिनमें विभिन्न स्थानों पर सड़कों एवं मुख्य मार्गों की मरम्मत का कार्य करवा दिया गया है तथा बहुत स्थानों पर मरम्मत कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में आज शनिवार को नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 16 मस्जिद चौक से सैनिक कॉलोनी, रेलवे रोड, एन.एच.1, एस.जी.एम. नगर,



सर्किट हाउस रोड, किसानभवन रोड सेक्टर-16, सेक्टर-9 एस.सी.एफ. 155 के सामने, डबुआ रोड नियर धर्मकांटा व अन्य कई स्थानों पर सड़कों की मरम्मत करवाई गई व गड्ढों को भरवाया गया।

# पूर्व जेजेपी नेता मनोज गोयल व गंगाराम तेवतिया ने सैकड़ो समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का हाथ



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** प्रदेश में चुनावी बिगुल बजने के बाद सभी पार्टियों में चुनाव को लेकर बड़ी हलचल सी मच गई है। वहीं जेजेपी पार्टी को भी बड़ा झटका लगा। काफी लंबे समय से जेजेपी पार्टी में कार्यत रहे पूर्व वरिष्ठ जेजेपी नेता मनोज गोयल ने भी 2 दिन पहले पार्टी को अलविदा कह दिया। और शनिवार को पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में दिल्ली कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदयभान की उपस्थिति में सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मनोज गोयल व गंगाराम तेवतिया को पार्टी का पटका पहनकर पार्टी में जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस का दामन थामने के बाद मनोज गोयल ने कहां कि वह कांग्रेस पार्टी के लिए जी जान से काम करेंगे वह उनके साथ आए सैकड़ो समर्थको नरेश पवार, अरविंद कुमार, वेद प्रकाश, रमेश धनखड़, राकेश वर्मा, चिराग अग्रवाल, सुनील गोयल, राम बहादुर सैकड़ो समर्थकों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

# श्रीराम मंदिर में जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में: राम जुनेजा



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** एयर फोर्स रोड़ जवाहर कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर में जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। उक्त जानकारी देते हुए श्रीराम मंदिर के प्रधान रामजुनेजा ने बताया कि मंदिर परिसर में इस बार जन्माष्टमी पर्व पर आगरा, मथुरा से आए कलाकारों द्वारा सुन्दर व मनमोहक झांकियां सजाई गई है। शाम छह बजे से मंदिर भक्तजनों के दर्शनार्थ खोल दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम बांगा मौजूद रहेगें। इसके बाद कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे व राधा-कृष्ण, बाबा भोलेनाथ की झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म के साथ ही भक्तों में प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रधान राम जुनेजा ने बताया कि मंदिर में भव्य लाईटिंग की गई है तथा दो बड़े एलईडी के मध्य से मंदिर की सभी झांकियां लोगों को दिखाई जाएगी। मंदिर कमेटी के सभी सदस्य आए हुए श्रद्धालुओं पर गुलाब जल व ईत्र की वर्षों करेगें। इस अवसर पर महेंद्र रतलाका, राहुल कथरिया, अमित चक्रवर्ती, लोकेश गुप्ता, धर्मेन्द्र, चीनू सहित अन्य कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट ने लाला लाजपत राय पार्क में पौधारोपण किया



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 18ए के लाला लाजपत राय पार्क एवं अन्य दो पार्कों में कदम, अर्जुन, पीपल एवं बड़ के पेड़ लगाए गए। संस्था के संस्थापक एवं आरडब्ल्यूए सैक्टर-18ए के महासचिव नरेन्द्र जैन ने बताया कि उनकी संस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर रही है। अभी हाल ही में संस्था ने मवई गांव में डेढ़ सौ पौधे लगाए एवं ऐसे ही अन्य कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जैन ने बताया कि संस्था का लक्ष्य कम से कम 1000 पेड़ लगाने का है ताकि शहर को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। इस मौके पर ज्ञानचंद जैन, ए आर वोहरा, ओम प्रकाश वधवा, मास्टर जे पी गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल एवं गौरी शंकर का विशेष योगदान रहा।

# साई धाम आरोग्यम नि:शुल्क ओपीडी का शुभारंभ



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 86 स्थित साई धाम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज मोहन शर्मा के सहयोग से साई धाम आरोग्यम चिकित्सालय का शुभारंभ स्व. आदित्य डिक्की सिंह की स्मृति में किया गया। जिसमें हृदय संबंधित रोगियों के लिए सोमवार से शुक्रवार सायं 6 से 8 बजे तक नि:शुल्क ओपीडी चलाई जाएगी। इस चिकित्सालय का उद्घाटन मानव रचना यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत भल्ला के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर और भगवान गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात शिरडी साई बाबा स्कूल के बच्चों ने स्वास्थ्य संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत भल्ला ने साई धाम द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और डॉ. पंकज मोहन शर्मा की सराहना की। कार्यक्रम आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र पहनाकर किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिंघल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से आजाद शिवम दीक्षित ने किया। इस अवसर पर साई धाम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, रोहित जनेंद्र जैन, प्रधानाचार्य बीनू शर्मा, एस के बत्रा, मनोहर पुनयानी, रोहित रूंगटा, राजन गैरा, विशाल गुप्ता, के ए पिल्लै, यू एस अग्रवाल, रत्नमुंशी, ओ.पी. गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# युवाओं को नशे और अश्लीलता के दुष्चक्र में फंसाने की साजिश




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत जब विकसित देश बनने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है तो उसकी राह में बाधाएं पैदा करने के लिए तमाम तरह की साजिशें की जा रही हैं। इनमें से एक साजिश है देश के युवाओं को नशे और अश्लीलता के दुष्चक्र में फंसाने की और यह साजिश काफी हद तक सफल होती भी दिख रही है। कॉलेजों के आसपास आसानी से मादक पदार्थ मिल जाते हैं, रेव पार्टियों का चलन देश में बढ़ चुका है, मोबाइल पर अश्लील कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इस सबसे युवाओं के दिलो-दिमाग पर बड़ा असर पड़ रहा है और वह अपनी असल जिम्मेदारियों से विमुख होकर भ्रमित हो रहे हैं। विकसित भारत के लिए आज जो आधार तैयार किया जा रहा है उस पर इमारत युवाओं को ही आगे चलकर खड़ी करनी है इसलिए सरकार को चाहिए कि वह युवाओं के जीवन और देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

वैसे, ऐसा नहीं है कि सिर्फ मोबाइल पर ही अश्लील कंटेंट परोसा जा रहा है, आप तमाम प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध वेब सीरीजों को देख लीजिये। अधिकतर में द्विअर्थी संवाद और अश्लील दृश्य भरे पड़े हैं। यही नहीं, हिंदी सिनेमा की भी कुछेक ही फिल्में ऐसी आती हैं जिन्हें परिवार के साथ देखा जा सकता है। हर जगह पसरी इस अश्लीलता का बाल मन पर बड़ा असर पड़ रहा है। इसके चलते बाल्यकाल में ही छात्र गालियां सीख जा रहे हैं साथ ही अश्लील कंटेंट उन्हें गलत कदम उठाने के लिए प्रेरित करता है जिसके चलते किशोरवय उम्र में ही शारीरिक संबंध बनाने या दुष्कर्म करने की खबरें आम हो रही हैं। खास बात यह है कि इस सब पर माता-पिता भी ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं क्योंकि वह खुद मोबाइल में व्यस्त हैं।

बहरहाल, इन सब स्थितियों से निकलने के लिए किसी से ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। समय आ गया है जब हम आत्मचिंतन करें और देखें कि हमारा परिवार, हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है ? समय आ गया है कि हम चिंतन करें कि देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का जो लक्ष्य रखा है उसमें हमारा क्या योगदान हो सकता है ? निश्चित ही आत्ममंथन से निकलने वाला अमृत देश के लिए और हमारे अपने लिये भी हितकारी होगा।

# जन्माष्टमी: हे कृष्ण आओगे न!

हे किशन-कन्हैया, सारे जग के तुम हो खिवइयां,
नाराज़ हूँ मैं तुमसे, कब तक ये बासुरी बजाओगे.
छलनी हो रहा तन-मन और तुम ऐसे गुनगुनाओगे.
इस कलयुग में द्रोपदियों को हैं, तुम्हारा इंतज़ार.
न जाने इस तरुणाई ने कौनसा ज़हर पी लिया हैं.
कंस और कौरवों की ही तरह जन्म ले लिया हैं.
माँ के दूध से भी अब देखों इन्होंने मुँह फेर लिया हैं.
दुशासनों की फौज़ लिए, ये रसूखदार विचर रहें हैं.
हमारी बेटियों की अस्मतों को ये तार-तार और
माँ के आँचल में भी कोख को ज़ार-ज़ार कर हैं.
अरे, कान्हा कब पिघलोगे ? क्या, चीखें सुन रहें हो ?
क्या मेरी तपस्या के तुम, अभी-भी दिन गिन रहें हो !
याद रखों और ज्यादा, मैं इंतज़ार नहीं कर सकता.
माता देवकी और वासुदेव की राह नहीं तक सकता.
जन्माष्टमी पर सप्तमी और छब्बीस को सोमवार है,
हे कृष्ण, हे मुरलीधर, हे देवकी के नंदन आओगे न,
राह तकती द्रोपदियों के ज़ख्मों पे मरहम लगाओगे न.
इन दुशासनों को दण्डनायक बन बहुत तडपाओ न.




संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
31, संजय नगर, इंदौर
(मध्यप्रदेश)
98260-25986

# शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है : डॉ अशोक



समाचार गेट/ब्युरो

**समालखा/पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली/ समालखा पहुंचे। विद्यालय में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 209 छात्राओं, 16 शिक्षकों और 18 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में नारी का सम्मान सदियों से किया जाता रहा है। नारी शक्ति माँ बहन पत्नी और पुत्री अनेक रूपों में समाज और राष्ट्र के पथ प्रदर्शक के रूप में अपनी पहचान बनाये है लेकिन वही दूसरी और कुछ नारी नशे जैसे बुराई के मार्ग पर चलकर नारी की छवि को धूमिल करने का दुस्साहस कर रही हैं। आज नशा मनुष्य के जीवन को दमक की भांति भीतर से खोखला कर रहा है। हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में। शिक्षा बिना ही आज हम सब पड़ रहे हैं कलेश में। शिक्षा बिना कभी कोई बन सकता नहीं सत्पात्र हैं। शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है। उन्होंने विस्तार पूर्वक नशे पर कुठारघात किया और बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। छात्राओं ने कहा कि वे नशे रुपी नाग का फन कुचलने के लिए तत्पर हैं। वे अपने अपने सामर्थ्य अनुसार नशे का नाश करेगी।

# एमबीपी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व



(स्कूली बच्चे श्रीकृष्ण और राधा के भेष में फोटो-ओमप्रकाश पंचाल)



(एमबीपी स्कूल में बच्चे मटकी फोड़ते हुए: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल)

समाचार गेट/कविता


**फरीदाबाद।** सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व है। लेकिन सोमवार और रविवार के अवकाश के कारण स्कूलों में जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में सेक्टर-23 स्थित संजय कालोनी में मौजूद मार्डन बीपी पर्बलिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जहां बच्चों ने राधा कृष्ण के रूप में बाल गोपाल की नटखट लीलाओं का वर्णन किया। वहीं स्कूल में मटकी फोड़ का कार्यक्रम भी सराहनीय रहा।

इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण बने छोटे छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों का नृत्य भी मंत्रमुग्ध करने वाला था। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षिकाओं ने बढ़चढकर योगदान दिया और बच्चों का हौसला बढ़ाया।

स्कूल में पहले श्रीकृष्ण भगवान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। तदुपरांत माखन मिश्री का प्रसाद चढ़ाया गया और पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी पारंपरिक वेशभूषा धारण की और अलग-अलग तरीके से अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। नन्हें मुन्ने बच्चों ने इस अवसर पर डांडिया नृत्य भी किया। विद्यालय में बच्चे कृष्ण और राधा के रूप में वस्त्र धारण करके आए थे। बच्चों के इन पारंपरिक वेशभूषा के कारण वातावरण अत्यंत मनोरम हो गया। छात्रों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित अनेक विषयों की जानकारी दी गई जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध के विषय में बताया गया और यह भी बताया गया कि किस प्रकार उन्होंने अधर्म का अंत किया।

# सैक्टर-12 का टाउन पार्क बदहाल स्थिति में पहुँचा

## मॉर्निंग वॉक करने की वालों की संख्या घट रही है दिन प्रतिदिन





समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के सैक्टर-12 का टाउन पार्क बदहाल स्थिति में पहुँच गया हैं। यह लोगो के लिए सैर करने के लिए सुरक्षित नही रहा गया है। इस पार्क के रखरखाव का जिम्मा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का है। पैसे खर्च होने के बावजूद भी स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। इस विषय में शहर के लोगों ने कहा कि यहां मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या लगातार इसकी दयादनीय स्थिति के कारण घटती जा रही है। टाउन पार्क मे असमाजिक तत्वों का शराब पीकर गन्दी फैलाने का काम जोरों पर हैं अधिक गन्दी होने की वजह से लोगों ने पार्क से दूरी बना ली है। पार्क के सामने ही हरियाणा खेल परिसर है। ऐसे में पार्क में अपने से कुछ भी घटना होने की आशंका बनी रहती है। करीब 34 एकड फैले इस बड़े पार्क के रखरखाव के लिए कोई भी ना के बराबर चौकीदार है पार्क के चारो तरफ की दीवार व ग्रील टूटी हुई होने की वजह से अवारा गायों के झुंड पार्क में प्रवेश करते देखे जा सकते हैं। शहर का सबसे बडा पार्क हाने के लिए यहां छुटटी के दिनों में रोनक बनी रहती थी। अवारा सांड व बंदरो की गंदगी फैलाने की वजह से चारो तरफ बदबू आती रहती है। इस बदबू की वजह से लोगो ने पार्क में आना कम कर दिया है। अन्यथा इस पार्क में छुटटी के दिनो में लोग अपने परिवारो के साथ घूमने आया करते थे व शादी के लिए लडका व लडकी को दिखाने के लिए भी इस पार्क को इस्तेमाल किया जाता था।

### आवारा पशुओं का अड्डा:



देव दत्त कौशिक ने बताया कि पार्क के अन्दर सैकडो बन्दर, सांड व गाय अवारा सुबह घुमती रहती है। जब ये साड़ आपस में लड़ते हैं तो कई बार सैर करने वाले लोग भी इसके शिकार हो जाते हैं। बन्दरो और कुत्तो भी पिछे नहीं रहते सैर करने वाले पर हमला कर देते जिसका उधारण ताजा ताजा यह है आऐ दिन सांड व बन्दर सैर करने बाले के पिछे दौड़ रहे हैं। अपने आप को बचाने के चक्कर में काफी चोटें लग जाती हैं। कइयों को बन्दरों ने काट खाया काफी चोट आई इस चोट की वजह से आज हॉस्पिटल के चक्कर काटने पड़ रहे है। आवारा पशु कुत्ते व बन्दर की वजह से टाउन पार्क मे जोरों पर आतंक है कई अवारा सांड व गाय आए दिन लोगो को घायल कर रहे है।

### गंदगी का है अम्बार:



समाजसेवी सरदार गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि पार्क में गंदगी के अम्बार पेड टूटे, सीवर का पानी की वजह से पिछले कई सालो से बदहाल है। इससे पहले इस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पूर्व पौधे हुआ करते थे जो अब बिलकुल समाप्त हो चुके हैं। देखरेख के आभाव में पार्क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि पार्क के अंदर गायों व बंदरों की संख्या भी 70 से 80 तक पहुंच चुकी है, जिस कारण पार्क में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने आना कम कर दिया है।

### खूब पैसा दिया:



वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहाँ कि सरकार की तरफ से टाउन पार्क के लिए खूब पैसा दिया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की तरफ से सफाई व्यवस्था बिल्कुल ना के बराबर है। हजारो लोग रोज आते हैं सुबह सैर करने, टाउन पार्क की हालत बहुत खराब हो चुकी हैं।

### नहीं है ताला:



वजीर सिंह डागर ने कहा की टाउन पार्क मे प्राधिकरण ने एक एयर जहाज एक लड़ाकू टैंक दर्शनी के तौर पर लगाए हुए हैं। इन के चारों तरफ जालियों लगाई हुई है जिस मे एक गेट भी बना हुआ है लेकिन गेट पर कोई ताला नहीं है। सैकड़ों शरारती बच्चे इन के ऊपर चढ़ कर अपने फोटो सेशन करते दिखाई पड़ते हैं।

### समय पर काटे घास:



हाजी अरसद खान ने कहा की अगर समय पर पार्क की घास को काट जाए। तो आवारा पशु ना के बराबर अन्दर आने का प्रयास करेंगे और पार्क के चारों तरफ कम से कम 30 फुट जाली लगाई जानी चाहिए जिस आवारा पशु व बहारी व्यक्ति दीवार फाँद कर अन्दर ना आ सके।

### माली नहीं:




दिनेश मुदगिल ने बताया कि मैन गेट पर नियमित तरीके से चौकीदार की तैनाती होनी चाहिए। यहां प्राधिकरण के मालियो और चौकीदार का कोई प्रबंध नहीं हैं। माली तो दूर दूर तक दिखाई नहीं देते केवल दो तीन चौकीदार ही दिखाई पड़ते हैं। पार्क उजाड की स्थिति में पहुंच गया है।

# जन्माष्टमी को लेकर सज गए शहर के बाजार

## झुले व लड्डू गोपाल के वस्त्रों की जमकर हो रही खरीददारी




समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** कन्हा जन्म की तैयारियां शहर में शुरू हो चुकी है। बाजार भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के लिए पूरी तरह से तैयार है, लोगों ने जन्माष्टमी की खरीदारी शुरू कर दी है। लोग कान्हा जी के वस्त्र, तो कहीं उनके आभुषण खरीदने की तैयारियों में जुट गए है। बाजारों में दुकाने झुलो और लड्डू गोपाल के वस्त्रों व आभूषणों से सजी हुई है। लोग बड़े चाव से झुले खरीद रहे है। कान्हा जी की नए से नए डिजाइन की खूबसूरत मूर्तियां मार्केट में बिक रही है। दुकानों में भगवान की सितारों व मोतियों से बनी पोशाक भी बिकने के लिए दुकानों पर सजी हुई है। जन्माष्टमी का रंग बाजारों पर छाने लगा है। दुकानों पर लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं, पोशाक, मुकुट से लेकर बांसुरी व झुले उपलब्ध हैं। लकड़ी, मेटल और चांदी के झुले लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

### पोशाकों पर टूटे ग्राहक:

सन 1990 से चार व पांच के चौक पर दुकान चला रहे भगतजी का कहना है कि वह हर त्यौहार पर कुछ न कुछ विशेष करते है। इस बार उनकी दुकान में जन्माष्टमी का सारा सामान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में लड्डू गोपाल के वस्त्र 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। कान्हा जी की माला का दाम दस रुपये से लेकर 300 रुपये, मुकुट का दाम 15 रुपये से लेकर 150 रुपये, कुंडल का दाम दस रुपये है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में बच्चों के लिए कान्हा जी की ड्रेस भी उपलब्ध है, जिसकी कीमत 300 रुपये से लेकर 500 रुपये है। उन्होंने बताया कि लोग बड़े चाव से उनके यहां से बच्चों की पोशाके खरीद रहे है। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने बताया कि घर-घर में कन्हैया के जन्म के लिए पूरी पोशाक ही नई खरीदी जाती है। वृंदावन की पगड़ी और राजकोट का विशेष झूला बाजार में मिल रहा है। बांसुरी और रेशम का गद्दा, तकिया, मोरपंख, मुकुट, मोतियों की माला ग्राहकों को लुभा रही है। वहीं ड्रेस से लेकर बांसुरी तक का पूरा सेट 100 रुपये से 400 रुपये के बीच है। उन्होंने बताया कि साइज के हिसाब से सबकी किमते अलग-अलग है।

### अधिक बिक रहे झोपड़ी वाले झुले:

एनएच पांच में अपनी दुकान चलाने वाले दुकानदार ने बताया कि इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर उनकी दुकान पर झुलों की बिक्री बढ़ गई है। उनकी दुकान में झुले, कन्हा जी के बिस्तर, चारपाई व अन्य कई वस्तुएं खास है। इस बार झोपड़ी वाले झुलों की डिमांड अधिक है। उन्होंने बताया कि इनकी कीमत 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक है। इसमें मेटल व लकड़ी के झुले उनके यहां मौजूद है। इसके अलावा कान्हा जी के श्रृंगार का सारा सामान यहां काफी कम कीमत पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि दस रुपये से लेकर पांच हजार तक का सामान है। लेकिन लोगों की पहली पसंद झोपड़ी टाइप झुले ही बन रहे है। यह साइज के मुताबिक मिल रहे है।

## आरोपी संजय की मां का दावा उसे फंसाया... सास ने कहा फांसी पर लटकाओ

कोलकाता (ईएमएस)।कोलकाता में 31 साल की ट्रेनी पीजी डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय की मां ने आरोपी बेटे का बचाव किया है।मां ने कहा कि उनके बेटे को मामले में बलि के बकरे की तरह फंसाया जा रहा है। जबकि आरोपी संजय की सास ने कहा है कि इस जघन्य अपराध के लिए संजय को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।कुछ खबरों में कहा गया है कि रॉय ने चार बार शादी की, जबकि अन्य ने कहा कि वह पोर्न देखने का आदि था और अक्सर वेश्याओं के पास जाता था। आरोपी संजय की मां ने दावा किया कि उनका बेटा निर्दोष है और इशारा किया कि किसी ने मेरे बेटे को फंसाया है। आरोपी संजय की मां ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि बेटे को ऐसा करने के लिए किसने बहलायाज अगर किसी ने उसे फंसाया है, तब उस शख्स को दंडित किया जाए। इस बीच उसकी बड़ी बहन ने कहा है कि अगर वह दोषी साबित होता है, तब उस सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।एक बहन के रूप में, मुझे नहीं लगता कि रॉय ऐसा अपराध कर सकता है। वहीं डॉक्टर के शव के पास मिले सीसीटीवी फुटेज और ब्लूटूथ डिवाइस के आधार पर रॉय को गिरफ्तार किया गया। जिसे कॉलेज के सेमिनार हॉल में घुसते देखा गया था, जहां शव मिला था। पीड़िता के माता-पिता और उसके सहकर्मियों सहित कई लोगों का मानना है कि अपराध के असली गुनाहगारों को बचाने के लिए रॉय को बलि का बकरा बनाया जा सकता हैं। भवानीपुर में संजय के पड़ोस में रहने वाली कई महिलाओं के मुताबिक 33 साल का संजय रॉय एक एक अच्छा आदमी नहीं था। महिलाओं ने कहा कि रॉय एक 'बुरा आदमी' था।एक महिला ने कहा कि 'वह महिलाओं को घूरता था, हम अपने दरवाजे बंद कर लेते थे।जबकि सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक रॉय ने कथित तौर पर भयानक अपराध करने से पहले एक रेड-लाइट एरिया का दौरा किया था।

## सड़क पर नोटों की गड्डी उड़ाने वाले यूट्यूबर पर एक्शन

हैदराबाद ।सोशल मीडिया पर वायरल होने के चक्कर में आजकल युवा क्या-क्या नहीं करते है।इन हरकतों से वे अक्सर पॉपुलर होते हैं, लेकिन इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।हैदराबाद में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक यूट्यूबर ने वायरल होने के लिए शहर की व्यस्त सड़क पर बाइक से नोटों की गड्डी उड़ा दी।इसके बाद ट्रैफिक पूरी तरह से ठप हो गया।लोग नोटों को इकट्ठा करने के लिए दौड़ पड़े, जिससे सड़क पर जाम के हालात बन गए। वायरल हो रहे वीडियो में यूट्यूबर हर्ष को एक शख्स की बाइक के पीछे बैठा हुआ देखा जा सकता है।इसके बाद भीड़भाड़ वाले इलाके में यूट्यूबर चलती बाइक से नोटों की गड्डी को हवा में उछाल देता है। वीडियो में देख सकते हैं कि यूट्यूबर के स्टंट से ट्रैफिक में अफरा-तफरी मच जाती है। नोट लूटने के चक्कर में लोग इधर-उधर दौड़ने लगते हैं।यूट्यूबर की इस हरकत से लोग हादसे का शिकार भी हो सकते है। वहीं दूसरी क्लिप में पावर हर्षा नामक यूट्यूबर को हैदराबाद की भीड़-भाड़ वाली जगह पर पैसे फेंकते भी देखा गया।इसकी वजह से वहां भी लोगों में भगदड़ मच गई। इसका वीडियो आने के बाद लोगों ने पुलिस से एक्शन की मांग की थी। अब खबर आ रही है पुलिस ने इनके खिलाफ एक्शन लिया है। पुलिस ने हर्षा को कुकटपल्ली इलाके में पैसे फेंकने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## कर्नाटक में दरिंदगी, नशीली चीज देकर किया रेप, सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती

उडुपी। कर्नाटक के उडुपी में शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एक लड़की का अपहरण कर उसके साथ रेप किया गया।इस घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि अल्ताफ ने अपने दो दोस्तों की मदद से लड़की को नशीला पदार्थ दे दिया था।इसके बाद रेप किया।बाद में आरोपी लड़की को उसके घर के पास छोड़ने जा रहा था।फिलहाल पीड़िता की गवाही के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में परिवार का आरोप है कि 3 लोगों ने पीड़िता के साथ रेप किया।पुलिस इस बात की जांच कर रही है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि अल्ताफ ने रेप किया और दो अन्य लोगों ने बीयर की बोतल और ड्रग्स लाने में मदद की, लेकिन वे रेप में शामिल नहीं थे। पुलिस जांच पड़ताल करने और पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद इसकी पुष्टि करेगी। जानकारी के अनुसार, यह घटना उडुपी के करकला की है। यहां पीड़ित लड़की की पहचान अल्ताफ नाम के युवक से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। अल्ताफ ने लड़की को मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद वह कार में बैठाकर लड़की को ले गया और लड़की से रेप किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अल्ताफ लड़की को छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान स्थानीय हिंदू कार्यकर्ताओं ने कार को रोक लिया।कार में लड़की नशे की हालत में थी।गुस्साए कार्यकर्ताओं ने इस मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने लड़की को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जब लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया तो संदेह हुआ कि ये रेप का मामला हो सकता है। इसके बाद हिंदू कार्यकर्ता पुलिस थाने के बाहर इकट्ठा हो गए और मामले में कार्रवाई की मांग करने लगे। कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पीड़िता के माता-पिता के बयान के आधार पर रेप का केस दर्ज कर लिया है।

## काम पर लौटे डॉक्टर......फुल हो गई ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर भी पैक

नई दिल्ली ।11 दिनों तक दिल्ली में चली हड़ताल के बाद सरकारी अस्पतालों में इलाज शुरू हुआ।इस दौरान स्थिति में सुधार देखा गया। सिर्फ एम्स में लगभग शुक्रवार को 12 हजार मरीजों का इलाज केवल ओपीडी में हुआ।यह संख्या एक दिन पहले तक केवल 5590 ही थी। वहीं, आरएमएल अस्पताल में भी शुक्रवार को इलाज सामान्य हो गई। दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल में भी इलाज में सुधार हुआ।हालांकि आम दिनों की तुलना में यहां ओपीडी में कम मरीज पहुंचे। एम्स में शुक्रवार को ओपीडी में 11,948 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ। 877 मरीज भर्ती किए गए और 655 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई। वहीं, 212 मरीजों ने इमरजेंसी में विजिट किया। इस दौरान 11,747 सैंपल जांच के लिए लिए गए और रेडियोलॉजी जांच के लिए 2,098 मरीजों को डेट दी गई है। एम्स की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. निरुपमा मादान ने कहा कि स्थिति नॉर्मल हो गई है। ओपीडी से लेकर ऑपरेशन थियेटर तक अपनी क्षमता के अनुसार चल रहे हैं। सभी ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी की गईं। वहीं, एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि औसतन अस्पताल में रोजाना 6 हजार मरीज ओपीडी में आते हैं। स्ट्राइक के दौरान यह संख्या डेढ़ से दो हजार के बीच रह गई थी। लेकिन स्ट्राइक खत्म होते ही शुक्रवार को 4700 मरीज ओपीडी में पहुंचे। कुल 67 सर्जरी की गईं। इनमें से 29 मेजर सर्जरी की गईं।उन्होंने कहा कि स्ट्राइक के दौरान रोजाना केवल चार से पांच सर्जरी ही हो पा रही थीं।उन्होंने कहा कि स्ट्राइक के बाद अब सारे रेजिडेंट डॉक्टर्स काम पर लौट आए हैं। शुक्रवार को 24 डिलिवरी की गईं, जिनमें से 8 सिजेरियन भी हैं।उन्होंने कहा कि बाकी सुविधा नॉर्मल हो चुकी है।

## मोदी सरकार के नए कानून का लाभ... परिवार के साथ दीवाली मना सकेंगे कई कैदी

### -सुप्रीम कोर्ट ने बीएनएसएस धारा 479 लागू करने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 479 को पहले के समय से लागू करने का आदेश दिया है।इसके तहत जेल में बंद पहली बार अपराध करने वाले विचाराधीन कैदियों को रिहा करना अनिवार्य है, बशर्ते कि उन्होंने कथित रूप से किए गए अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा का एक तिहाई हिस्सा काट लिया हो। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के साथ-साथ बीएनएसएस इस साल 1 जुलाई 2024 से लागू हुआ। मगर एएसजी ऐश्वर्या भाटी के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि लाभकारी प्रावधान सभी विचाराधीन कैदियों पर लागू होगा, चाहे उनकी गिरफ्तारी की तारीख कुछ भी हो और वे जेल में क्यों न गए हों। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने जेल अधीक्षकों को आदेश दिया कि वे उन पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को जमानत देने के लिए कदम उठाएं, जो विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं और अधिकतम सजा का एक तिहाई हिस्सा काट चुके हैं।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसतरह के कैदियों की रिहाई के लिए अदालत में आवेदन करने की प्रक्रिया दो महीने के भीतर पूरी की जाए, जो धारा 479 के तहत मानदंडों को पूरा करते हैं।

## तेजस्वी यादव ने साथ सीएम नीतीश पर निशाना, बोले, थक चुके हैं मुख्यमंत्री, इनसे बिहार चलने वाला नहीं



**पटना (एजेंसी )**। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। इसी के साथ वह लगातार नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर भी हमलावर हैं। एक बार फिर से आज उन्होंने नीतीश कुमार और उनकी सरकार पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार 15 सालों से है। 10 सालों से डबल इंजन की सरकार है। बावजूद इसके महंगाई के मामले में देश भर में नंबर वन पर बिहार है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश में सबसे अधिक गरीबी बिहार में ही है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध में बिहार नंबर 1 है, ये आंकड़े हमारे नहीं हैं। यह स्पष्ट रूप से नीतीश कुमार की सरकार पर सवाल है। आंकड़े सार्वजनिक हो गए हैं, कोई कुछ भी कह सकता है लेकिन आंकड़ों को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने बार-बार कहा है कि इनसे बिहार चलने वाला नहीं है, मुख्यमंत्री थक चुके हैं और भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं, उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने दावा किया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की कुंडली में बिहार में सत्ता हासिल करना नहीं लिखा हुआ है। जनता दल (यू) के पूर्व अध्यक्ष सिंह तेजस्वी यादव के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें राजद नेता ने कहा था कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बने रहने से विपक्षी दल की अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जीतने की संभावना अधिक होगी। सिंह ने यहां संवाददाताओं द्वारा तेजस्वी यादव कि उक्त टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ख्याली पुलाव पकाने दीजिए। वह ख्याली पुलाव ही पकाते रहते हैं। उनकी जन्म कुंडली में बिहार की सत्ता हासिल करना नहीं लिखा हुआ है।'

## हिंदू भारत की ओर पलायन नहीं कर रहे, वे संकटग्रस्त बांग्लादेश में रहकर लड़ रहे : हिमंत



दिसपुर।असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है... वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने अपने प्रधानमंत्री से बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने का अनुरोध किया है।

## चुनाव नहीं लड़ेंगे... महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस से हाथ मिलाने के सवाल पर ये क्या कह दिया



**श्रीनगर (एजेंसी )**। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन बनाने के लिए आमंत्रित किया, अगर वे उनकी बात मानें तो केंद्र शासित प्रदेश की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ें। श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में पीडीपी घोषणापत्र जारी करते हुए मुफ्ती ने कहा कि एनसी और कांग्रेस के बीच गठबंधन सीट बंटवारे के आधार पर हुआ है, न कि किसी एजेंडे पर। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी अगर केवल सीटों के बंटवारे पर बातचीत होती। गठबंधन और सीट शेयरिंग तो दूर की बात है। अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस हमारे एजेंडे को अपनाने के लिए तैयार हैं तो हम कहेंगे कि उन्हें सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। हम उनका अनुसरण करेंगे क्योंकि, मेरे लिए, कश्मीर की समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज़ से अधिक महत्वपूर्ण है। जब हमने पहले भी गठबंधन किया था, तो हमारे पास एक एजेंडा था, जब हमने भाजपा के साथ गठबंधन किया, तो हमारे पास एक एजेंडा था जिस पर वे सहमत हुए। लेकिन एनसी और कांग्रेस के बीच गठबंधन एजेंडे में नहीं हो रहा है. ये सीट शेयरिंग पर हो रहा है। हम ऐसा कोई गठबंधन नहीं करेंगे जिसमें सिर्फ सीट बंटवारे की बात हो. गठबंधन एजेंडे में होना चाहिए और हमारा एजेंडा जम्मू-कश्मीर की समस्या का समाधान है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हिंदू तीर्थ स्थल शारदा पीठ के लिए मार्ग खोलना चाहती है, और क्रॉस-एलओसी व्यापार की बहाली के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत का आह्वान किया, जिसे भारत ने 2019 से निलंबित कर दिया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने अपने व्यापार संबंधों को कम कर दिया है। 2014 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी, जिसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने थे। जनवरी 2016 में सईद की मृत्यु के बाद, राज्यपाल शासन की एक संक्षिप्त अवधि के बाद महबूबा मुफ्ती अपने पिता की उत्तराधिकारी बनीं।

### सीएम योगी ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन पर उठाए सवाल

लखनऊ।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के गठबंधन पर की जमकर आलोचना करते हुए कहा है कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है।वहीं, सीएम योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए उनसे कई सवाल भी पूछे।

## मुझे एक बार मौका दें, फिर दिखाता हूं, महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था को लेकर राज ठाकरे ने कह दी बड़ी बात



**मुंबई (एजेंसी )**। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की निंदा की और महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। ठाकरे ने कहा कि राज्य में अब कानून का डर नहीं है, अगर उन्हें मौका दिया गया तो वह दिखाएंगे कि सरकार कैसे चलाई जाती है। उनकी यह टिप्पणी महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में दो किंडरगार्टन लड़कियों के यौन उत्पीड़न पर जनता के गुस्से के मद्देनजर आई है। बदलापुर में जो हुआ वह भयानक और दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी पार्टी की महिला पदाधिकारियों ने यह मुद्दा उठाया। लेकिन महाराष्ट्र में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं. राज ठाकरे ने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बलात्कार से लेकर दहेज और छेड़छाड़ तक की घटनाएं साल दर साल बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि 2023 में महाराष्ट्र में पुलिस के पास 7,000 से अधिक बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। दर्ज न होने वाले मामले इससे कहीं अधिक हैं। बीड, सांगली में महिला गन्ना श्रमिकों के गर्भाशय निकालने के मामले बड़े पैमाने पर देखे जा रहे हैं. और इतनी सारी घटनाओं के बावजूद कोई सख्त कानून नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध सिर्फ महायुथी सरकार के सत्ता में रहने के दौरान ही नहीं हो रहे हैं, बल्कि ये अत्याचार पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान भी हुए थे।

## सम्राट चौधरी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए नेकां के साथ गठबंधन के लिए कांग्रेस की आलोचना की




**पटना (एजेंसी )**। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कश्मीर को कथित तौर पर भारत का हिस्सा नहीं मानने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के साथ गठबंधन किए जाने पर कांग्रेस की शनिवार को आलोचना की।

चौधरी ने कहा, कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। उसे यह बताना चाहिए कि क्या वह अनुच्छेद 370 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के तर्क और कश्मीर के लिए अलग झंडे की वकालत से सहमत है?

उन्होंने कहा, चाणक्य द्वारा हज़ारों साल पहले की गई परिकल्पना के अनुसार नरेन्द्र मोदी सरकार अखंड भारत को प्राप्त करने का प्रयास कर रही है तो वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस पाकिस्तान के साथ व्यापार संबंधों की मांग कर रही है यहां तक कि नियंत्रण रेखा के माध्यम से भी यह संबंध कायम किए जाएं। यह हमारे इस रुख के खिलाफ है कि पूरा कश्मीर भारत का हिस्सा है।

कांग्रेस को इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस आरक्षण विरोधी है औरजम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए लागू किए गए आरक्षण का विधानसभा चुनाव में विरोध कर रही है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह आरक्षण और पाकिस्तान से संबंधित मुद्दों पर नेकां के रुख के साथ अपना तारतम्य कैसे बैठा पाएगी?।

## विनेश की हुडडा से मुलाकात... चर्चा शुरु कांग्रेस की किस सीट से उतरेगी फोगाट



**गुरुग्राम (एजेंसी )**। स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। जैसे ही उनकी मुलाकात की तस्वीर सामने आई, इसकी चर्चा तेज हो गई कि भारतीय पहलवान कांग्रेस में शामिल हो सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि वह आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

वहीं विनेश को लेकर हुड्डा ने एक बड़ा बयान दिया है, जो कि वर्तमान में हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। हुड्डा ने कहा कि यह एक काल्पनिक सवाल है। लेकिन एथलीट सिर्फ एक पार्टी के नहीं होते, वे पूरे देश के होते हैं। अगर कोई पार्टी में शामिल होता है, तब आपको पता चल जाएगा...हम जो भी पार्टी में शामिल होगा उसका स्वागत है...लेकिन यह एक काल्पनिक सवाल है। आज, उसे अन्याय का सामना करना पड़ा है। विनेश को राज्यसभा के लिए नामांकित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि उन्हें वहीं सम्मान दिया जाना चाहिए जो स्वर्ण पदक विजेता को दिया जाता है। सरकार ने उनके लिए रजत पदक सम्मान की घोषणा की। मैंने कहा था कि जैसे सचिन तेंदुलकर को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था, वैसे ही उन्हें भी मनोनीत किया जाना चाहिए। उनके साथ अन्याय हुआ, उन्हें न्याय नहीं मिला। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह विनेश फोगाट का निजी फैसला है। वह जो भी फैसला लें और जो भी उन्हें पसंद हो, मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है।

हालांकि विनेश की हुड्डा से मुलाकात से पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 29 वर्षीय एथलीट का महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में फाइनल तक पहुंचना और उसके बाद 100 ग्राम अधिक वजन के कारण स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले उनका अयोग्य होना पेरिस ओलंपिक 2024 की सबसे बड़ी कहानियों में से एक बन गया। जबकि विनेश ने खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) में फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

## अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा भी ले सकेंगे बच्चा गोद, सरकार ने बदले नियम

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। समाज में ऐसे लोग भी हैं जो विधवा हैं, अविवाहित हैं और तलाकशुदा है वह भी बच्चा गोद लेना चाहते हैं लेकिन सरकार के कड़े नियमों के चलते ऐसा कर नहीं हो पाता है। अब घर में खुशियां लाने का रास्ता साफ हो गया है क्योंकि सरकार के नियमों में बदलाव कर दिए हैं जिससे सिंगल पैरेंट के लिए भी बच्चा गोल लेना आसान हो गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नए नियम बनाया है, इसमें अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे 35 से 60 साल की उम्र के अकेले लोगों को भी बच्चे को गोद लेने की इजाजत दे दी है। इससे पहले 2016 में मॉडल फॉस्टर केयर गाइडलाइंस के तहत केवल विवाहित जोड़ों को ही बच्चा गोद लेने की इजाजत थी। हालांकि, अकेली महिला किसी भी जेंडर के बच्चे को गोद ले सकती है, लेकिन एक पुरुष केवल पुरुष बच्चे को ही गोद ले सकता है।

नए नियमों के मुताबिक व्यक्ति को शादीशुदा हो या नहीं, विधवा हो, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहा हो, वह व्यक्ति बच्चा गोद ले सकता है। इसके अलावा, फॉस्टर पैरेंट अब दो साल के बजाय पांच साल तक बच्चे की देखभाल करने के बाद उसे गोद ले सकते हैं। फॉस्टरिंग ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक बच्चा टेम्परारी विस्तारित परिवार या असंबंधित व्यक्तियों के साथ रहता है।

नए नियम में अगर कोई विवाहित जोड़ा बच्चे को गोद लेना चाहता है, तो वैवाहिक जोड़े को कम से कम दो साल तक एक स्टेबल मैरिड लाइफ बितानी होगी। पहले, दंपतियों के लिए ऐसा कोई नियम नहीं था। 2016 के गाइडलाइन्स को 2021 में किशोर न्याय और 2022 के किशोर न्याय मॉडल नियमों के अनुसार चेंज किया गया है। नए नियमों को जून में सभी राज्यों में जारी कर दिया गया था।

चाइल्ड अडॉप्शन रिसोर्स इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस सिस्टम से आप ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म का उपयोग पहले से ही संभावित दत्तक माता-पिता पंजीकरण के लिए कर रहे थे। 2024 के फॉस्टर केयर दिशा-निर्देशों में एक निर्दिष्ट ऑनलाइन पोर्टल का प्रावधान किया है जहां संभावित फॉस्टर पेरेंट्स जिला बाल संरक्षण इकाइयों द्वारा उनकी पहुंच के लिए अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। भारत में, उन बच्चों को गोद लिया जा सकता है, जिनकी उम्र छह साल से ज्यादा हो। बच्चों की देखभाल कोई संस्थान कर रही हो। बच्चे के अभिभावक बच्चे को पालने में अयोग्य हों। स्पेशल चाइल्ड की श्रेणी में आने वाले नाबालिगों को भी गोद लिया जा सकता है।



# मैपमाईइंडिया के दावों में दम नहीं, नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला: ओला संस्थापक

**नई दिल्ली।**

ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता ओला के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल ने मैपमाईइंडिया की नकल करने के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि मैप कंपनी ओला इलेक्ट्रिक की सूचीबद्धता का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। ओला ब्रांड का परिचालन करने वाली कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी ने नकल के दावों पर मैपमाईइंडिया को कानूनी नोटिस भेजा है, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला है। अग्रवाल ने कहा, ''ओला इलेक्ट्रिक नक्शा सेवा देने के कारोबार में नहीं है। ओला इलेक्ट्रिक का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के समय वे सिर्फ इसका फायदा उठाना चाहते थे। हमने उन्हें कानूनी नोटिस भी दिया है, लेकिन उनका जवाब आज तक नहीं आया है।'' ओला की ई-वाहन इकाई ओला इलेक्ट्रिक नौ अगस्त को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई।

कंपनी ने अपने आईपीओ से करीब 5,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ मसौदा दायर करने से तीन दिन पहले 23 जुलाई को मैपमाईइंडिया ने उन्हें नोटिस भेजा था। घरेलू डिजिटल नक्शा कंपनी मैपमाईइंडिया ने भारत का नेविगेशन मानचित्र विकसित करने के ओला की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज के दावों पर सवाल उठाते हुए उसे 'नौटंकी' बताया है। इस बारे में संपर्क किए जाने पर मैपमाईइंडिया ने अपने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहन वर्मा का एक बयान साझा किया। वर्मा ने 12 अगस्त को कहा था, ''ओला एएनआई टेक्नोलॉजीज को 2015 में लाइसेंस मिला था और हमारे मैप डेटा तक पहुंच मिली, जिसका उन्होंने उपयोग जारी रखा। हमने नियमों और शर्तों के कुछ उल्लंघन मिलने पर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।'' हालांकि, कंपनी ने ओला द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस पर कोई ताजा ब्योरा साझा नहीं किया।

# आवास कीमतों में वृद्धि के मामले अप्रैल-जून तिमाही में मुंबई दूसरे, दिल्ली तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।**

देश में अप्रैल-जून तिमाही में प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में वार्षिक वृद्धि के मामले में मुंबई और दिल्ली दुनिया के 44 शहरों में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 44 शहरों में वार्षिक मूल्य वृद्धि 2024 कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत रही जो पिछली तिमाही में 4.1 प्रतिशत थी। मनीला अप्रैल-जून तिमाही में 26 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ पहले स्थान पर रहा। मुंबई में घरों की कीमतों में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वह दूसरे स्थान पर रही। एक साल पहले की समान अवधि में मुंबई इस सूची में छठे स्थान पर थी। नई दिल्ली 10.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर है, जो एक साल पहले समान अवधि में 26वें स्थान पर थी। बेंगलुरु में घरों के दाम 3.7 प्रतिशत बढ़े और वह सूची में 15वें स्थान पर रहा। सलाहकार ने कहा, ''देश का सबसे बड़ा आवासीय बाजार होने के नाते प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में मजबूत वृद्धि देश की समृद्ध आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं का एक मजबूत संकेतक है।'' रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में 2020 से 124 प्रतिशत



की वृद्धि के बाद मामूली नरमी देखी गई और इस साल सालाना आधार पर 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

# फास्टैग में बैलेंस का झंझट खत्म, अब टोल प्लाजा पर नहीं रुकेगी गाड़ी

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों में बदलाव करके फास्टैग में बैलेंस कम होने के झंझट को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। आरबीआई के इस नए नियम की वजह से अब बैलेंस कम होने के कारण टोल प्लाजा पर गाड़ियों के रुकने की आशंका खत्म हो जाएगी और गाड़ियां फर्राटे से टोल प्लाजा को पार कर जाएंगी। आरबीआई की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने फास्टैग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को ई-मैंडेट फ्रेमवर्क में शामिल कर लिया है। ऐसा हो जाने से इन दोनों पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में निर्धारित लिमिट से पैसा कम होते ही ग्राहक के बैंक अकाउंट से जरूरत के मुताबिक पैसा खुद इन पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में आ जाएगा । इसका एक फायदा ये भी होगा कि अब ग्राहकों को बार-बार अपने फास्टैग को रिचार्ज नहीं करना पड़ेगा। इस तरह से फास्टैग रिचार्ज करने का झंझट पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। आपको बता दें कि ई-मैंडेट फ्रेमवर्क को 2019 में तैयार किया गया था। इस फ्रेमवर्क को तैयार करने का मूल उद्देश्य ग्राहकों को उनके खाते से होने वाली पैसे की निकासी की जानकारी देकर उनके हितों की रक्षा करना था। आरबीआई के मुताबिक फास्टैग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के तहत पेमेंट की कोई पहले से निर्धारित या तय समय सीमा नहीं होती है। ऐसे में इन दोनों को ई-मैंडेट फ्रेमवर्क में शामिल कर लेने से बिना किसी निश्चित तय समय सीमा के पैसे खाते से निकल कर खुद ही इन पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में क्रेडिट हो जाएंगे। इसके लिए ग्राहकों को प्री-डेबिट नोटिफिकेशन देने की भी जरूरत नहीं होगी। इसके पहले ग्राहकों को अपने खाते से पैसे डेबिट करने के लिए कम से कम 24 घंटा पहले प्री-डेबिट नोटिफिकेशन भेजना पड़ता था। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 5 से 7 जून को हुई मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक में ही फास्टैग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड को ई-मैंडेट फ्रेमवर्क में शामिल करने की घोषणा की थी। इसके तहत रिकरिंग पेमेंट्स को भी शामिल करने की बात कही गई थी। इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से कहा गया है कि देश में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड और फास्टैग जैसे पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स का चलन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इन पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स के उपयोग को और सुविधाजनक बनाने की कोशिश लगातार चल रही है। पहले फास्टैग या नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के वॉलेट में पैसे जमा करना पड़ता था लेकिन वॉलेट में पैसे कम हो जाने पर ग्राहकों को पेमेंट करने में परेशानी होती थी।

# नोएडा, ग्रेटर नोएडा में आवासीय संपत्तियों का पंजीकरण जून तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।**

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आवासीय संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 8,212 इकाई हो गया है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी स्क्वायर यार्ड्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 6,354 इकाई का था। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आवासीय अचल संपत्ति गतिविधियों में जून तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। इस दौरान पंजीकरण महानिरीक्षक (आईजीआर) के पास 8,212 आवासीय लेनदेन पंजीकृत हुए। कंपनी ने बयान में कहा, इन लेन-देन का संयुक्त बिक्री मूल्य 6,013 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 59 प्रतिशत की वृद्धि है। यह सौदों की मात्रा में वृद्धि से अधिक है। स्क्वायर यार्ड्स ने कहा कि नोएडा में अप्रैल-जून की अवधि के दौरान 3,200 इकाइयों का पंजीकरण किया गया, जबकि एक साल पहले यह संख्या 2,408 थी। ग्रेटर नोएडा में आवासीय संपत्तियों के पंजीकरण में 27 प्रतिशत की वृद्धि रही। यहां जून तिमाही में 5,012 घरों का पंजीकरण किया गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 3,946 इकाई थी। स्क्वायर यार्ड्स ने कहा कि डेवलपर्स के बीच रियल एस्टेट कंपनी निराला वर्ल्ड अप्रैल-जून तिमाही में लेनदेन की संख्या और बिक्री मूल्य, दोनों में सबसे ऊपर रही। टेक जोन -4 (ग्रेटर नोएडा) में इसकी परियोजना निराला एस्टेट 620 इकाइयों के पंजीकरण के साथ सबसे आगे है। इसका बिक्री मूल्य 565 करोड़ रुपये है।

# बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने अरीबा फूड्स में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।**

बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने उज्जैन स्थित अरीबा फूड्स में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। अरीबा 'स्नैक्स' व 'फ्रोज़न' खाद्य पदार्थ में विशेषज्ञता रखती है। लएक संयुक्त बयान के अनुसार, बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने कंपनी में 55 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है, जिसकी कुल कीमत 60.49 करोड़ रुपये बैठती है। इससे बीकाजी को अपने 'फ्रोज़न' फूड उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। बीकाजी के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल ने कहा, ''यह रणनीतिक कदम न केवल निर्यात वृद्धि के लिए हमारी क्षमता को मजबूत करता है, बल्कि त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) खंड में हमारे प्रवेश का भी समर्थन करता है। अरीबा की अत्याधुनिक उत्पादन क्षमताओं को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य अपने 'फ्रोज़न स्नैक्स' और नमकीन उत्पादन को बढ़ाना है।'' अरीबा फूड्स के प्रवर्तक गौरव बहेती ने कहा, ''हमारी उन्नत उत्पादन सुविधाओं तथा निर्यात विशेषज्ञता के साथ, हम बीकाजी की उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।'' बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल का वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व 2,294.71 करोड़ रुपये रहा था।

# रेपको बैंक ने केंद्रीय सहकारिता मंत्री को 19.08 करोड़ रुपये का लाभांश चेक भेंट किया

**नई दिल्ली।** रेपको बैंक ने आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को 19.08 करोड़ रुपये का लाभांश चेक भेंट किया। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इस आशय की जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार की 76.32 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी पर 25 प्रतिशत की दर से लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया गया। मंत्रालय के मुताबिक शुक्रवार को रेपको बैंक के अध्यक्ष ई. संथानम और प्रबंध निदेशक (प्रभारी) ओएम गोकुल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार की 76.32 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी पर 25 प्रतिशत की दर से लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, गृह मंत्रालय में ओएसडी गोविंद मोहन की उपस्थिति में भेंट किया। उल्लेखनीय है कि रेपको बैंक, गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार का एक उद्यम है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बिजनेस मिक्स में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में आज बैंक ने 20,000 करोड़ रुपये के बिजनेस मिक्स को पार कर लिया है।

# मैजिकपिन के सह-संस्थापक बृज भूषण प्राइम वेंचर पार्टनर्स में पूर्णकालिक भागीदार बने

**नई दिल्ली।** ई-वाणिज्य कंपनी मैजिकपिन के सह-संस्थापक एवं पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी बृज भूषण प्राइम वेंचर पार्टनर्स में पूर्णकालिक भागीदार के रूप में शामिल हो गए हैं। प्रारंभिक चरण की उद्यम पूंजी कंपनी प्राइम वीपी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस भूमिका में भूषण निवेश दल के प्रमुख सदस्य होंगे। कंपनी के निवेश, खंड प्रबंधन और वित्त पोषण से जुड़े सभी पहलुओं में उनकी अहम भूमिका होगी। प्राइम वेंचर पार्टनर्स (प्राइम वीपी) के प्रबंध साझेदार अमित सोमानी ने कहा, ''बृज भूषण रणनीतिक विचार, निष्पादन उत्कृष्टता और कंपनी निर्माण के लिए आवश्यक दीर्घकालिक सोच का एक अनूठा संयोजन लेकर आए हैं। हमारा मानना है कि वह हमारी नेतृत्व टीम के लिए एकदम सही हैं..'' भूषण ने मैजिकपिन के सह-संस्थापक थे। उन्होंने मैजिकपिन की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लाइटस्पीड, जोमैटो और वॉटरब्रिज सहित कई निवेशकों से 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि जुटाई। भूषण ने कहा, ''प्राइम वेंचर पार्टनर्स में शामिल होना एक सफर पूरा करने जैसा लगता हैंज.मेरा मानना है कि प्रारंभिक चरण में एक स्टार्टअप को निवेश से कहीं अधिक चाहिए ज उन्हें एक अच्छा दल चाहिएज''

# सरकार ने ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव मांगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र (ईसीईएच) स्थापित करने के लिए उद्योग जगत से प्रस्ताव मांगे गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक नोटिस में कहा, प्रस्ताव के आधार पर निर्बाध तथा शीघ्र निर्यात मंजूरी की सुविधा के लिए ईसीईएच के लिए सॉफ्टवेयर आवश्यकताओं सहित अन्य विवरण तय किए जाएंगे। इस संबंध में इन केंद्रों के संचालन के लिए प्रारूप तैयार कर लिया गया है। डीजीएफटी ने कहा, ''इस संबंध में, ईसीएचओ की स्थापना के लिए विस्तृत प्रस्ताव जांच, समर्थन तथा मार्गदर्शन के लिए निदेशालय को प्रस्तुत किया जा सकता है।'' सरकार ने बजट में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत ई-कॉमर्स माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इन केंद्र की स्थापना की घोषणा की थी। देश में शुरुआत में 10-15 केंद्र स्थापित करने की योजना है। भारत का वर्तमान में इस माध्यम से निर्यात केवल पांच अरब अमेरिकी डॉलर सालाना का है, जबकि चीन का निर्यात 300 अरब डॉलर है। आने वाले वर्षों में इसे 50-100 अरब डॉलर तक ले जाने की संभावना है।

# जीएसटी एनालिटिक्स हैकथॉन का आयोजन कर रहा है जीएसटीएन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) पूर्वानुमान आधारित विश्लेषण के जरिये कर अनुपालन में नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए 'जीएसटी एनालिटिक्स हैकथॉन' का आयोजन कर रहा है। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, इसमें भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप और कंपनियों के पेशेवरों को जीएसटी विश्लेषण ढांचे का पूर्वानुमान मॉडल विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कुल पुरस्कार राशि 50 लाख रुपये है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 12 लाख रुपये, तृतीय पुरस्कार सात लाख रुपये और एक लाख रुपये का सांत्वना पुरस्कार शामिल है। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिला टीम को पांच लाख रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। पंजीकरण शुरू होने से लेकर विकसित प्रोटोटाइप प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख तक यह हैकथॉन 45 दिन तक चलेगा।

# ग्रीष्मा सिंह कोका-कोला की भारत दक्षिण-पश्चिम एशिया के लिए नई बाजार प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** प्रमुख पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला ने ग्रीष्मा सिंह को भारत दक्षिण-पश्चिम एशिया (आईएनएसडब्ल्यूए) परिचालन इकाई का नया बाजार प्रमुख नियुक्त किया गया है। कंपनी के बयान के अनुसार, सिंह एक सितंबर, 2024 से पदभार संभालेंगी। वह अर्नब रॉय की जगह लेंगी, जिन्हें हाल ही में कोका-कोला ट्रेडमार्क का अध्यक्ष (ग्लोबल कैटेगरी ) नियुक्त किया गया है। इससे पहले, सिंह आईएनएसडब्ल्यूए परिचालन इकाई के ग्राहक एवं वाणिज्यिक नेतृत्व (सीएंडसीएल) की उपाध्यक्ष थीं। बयान में कहा गया, सिंह 15 वर्ष से अधिक समय से कोका-कोला कंपनी के साथ जुड़ी हुई हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के बाजारों में विपणन, रणनीति और सीएंडसीएल संबंधी भूमिकाएं निभाई हैं। सिंह ने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (हैदराबाद) और कोलोराडो कॉलेज से पढ़ाई की है। अपनी नई भूमिका में वह भारत में ही पदस्थ रहेंगी।

# एसबीआई ऋण की मांग का समर्थन करने में सक्षम, कम जमा वृद्धि कोई चुनौती नहीं: चेयरमैन

**मुंबई।**

जमा और ऋण वृद्धि के बीच बढ़ते फासले को लेकर फैली चिंताओं के बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के सबसे बड़े ऋणदाता के लिए कोई चुनौती नहीं है क्योंकि वह अग्रिमों में वृद्धि का समर्थन करने में सक्षम है। खारा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि बैंक ऋण वृद्धि का समर्थन करने के लिए जरूरी संसाधन की व्यवस्था करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में अपने अतिरिक्त निवेश का एक हिस्सा निकाल रहा है। लगभग दो वर्षों से जमा वृद्धि बैंकिंग प्रणाली के लिए ऋण वृद्धि से पीछे चल रही है। सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई भी अपने कारोबार में समान रुझान देख रहा है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यह बचत के उच्च उपज वाले पूंजी बाजार विकल्पों में प्रवाह के कारण है, जबकि एसबीआई के अपने शोधकर्ताओं ने इन चिंताओं को 'सांख्यिकीय मिथक' कहा है। इस बारे में पूछे जाने पर एसबीआई चेयरमैन ने कहा, ''हम अपने कर्ज बही-खाते में वृद्धि का अच्छी तरह से समर्थन करने की स्थिति में हैं। जबतक हम ऋण वृद्धि का अच्छी तरह से समर्थन कर सकते हैं, मुझे नहीं लगता कि हमारे सामने कोई चुनौती है।'' उन्होंने कहा कि बैंक के पास 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश है, और ऋण वृद्धि का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) का एक हिस्सा हटा रहा है।

# टीवीएस ने लॉन्च किया जुपिटर 110, शुरुआती कीमत 73 हजार रुपए

**नई दिल्ली।**

टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) दोपहिया और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में एक प्रमुख ग्लोबल ऑटोमेकर है। उन्होंने नया टीवीएस जुपिटर 110 लॉन्च किया। इसका उद्देश्य स्कूटर सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करना है। इसका मुकाबला होंडा एक्टिवा और हीरो प्लेजर प्लस से है। कंपनी को उम्मीद है कि इसके लॉन्च के साथ ही वह स्कूटर सेगमेंट में सालाना 12 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हासिल करेगी। इस पेट्रोल स्कूटर की शुरुआती कीमत दिल्ली में 73,700 रुपए रखी गई है, और यह चार वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा। ड्रम, ड्रम अलॉय, ड्रम एसएक्ससी, और डिस्क। टीवीएस मोटर कंपनी के डायरेक्टर और सीईओ के मुताबिक इस नए स्कूटर के लिए डिज़ाइन किया गया नया नेक्स्ट-जेनरेशन प्लेटफॉर्म कंपनी के री-इमेजिन 2030 विज़न के साथ मेल खाता है। इस नए प्लेटफॉर्म के लिए कंपनी ने करीब 150 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

वर्तमान में इस स्कूटर उद्योग की बढ़ोतरी दर 8 फीसदी है, जबकि टीवीस मोटर 12 फीसदी की दर से बढ़ रही है। नए मॉडल के साथ कंपनी की योजना है कि वह इस मौजूदा दर और उद्योग के औसत से भी ज्यादा तेजी से बढ़े। नया स्कूटर नेक्स्ट-जेनरेशन इंजन और अपने सेगमेंट में पहली बार देखे जाने वाले मॉडर्न फीचर्स के साथ आता है। अब तक टीवीएस जुपिटर की 65 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। कंपनी ने कहा कि नया टीवीएस जुपिटर 110 हमारे ग्राहकों की उम्मीदों, इंजीनियरिंग, तकनीक, डिजाइन और आरामदायक अनुभव में निवेश करने के हमारे वादे को दर्शाता है। हमने टीवीएसएम शोरूम में ग्राहक अनुभव की क्वालिटी को भी बेहतर बनाया है, और नया टीवीएस जुपिटर 110 इस पूरे अनुभव को और आगे ले जाता है। हमें विश्वास है कि टीवीएस जुपिटर, अपने सेगमेंट में कई नई सुविधाओं के साथ, दोपहिया बाजार में स्थिति को और मजबूत करेगा।



टीवीएस मोटर कंपनी के मीडिया प्रमुख ने कहा टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर के स्कूटर पोर्टफोलियो का प्रमुख हिस्सा रहा है। इस दौरान 65 लाख परिवारों ने इस प्रोडक्ट पर भरोसा जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांड्स में से एक बन गया है। इसकी टॉर्क डिलीवरी, बेहतर ईंधन एफिसिएंसी, और पर्याप्त स्पेस, सभी को आधुनिक डिजाइन में पेश किया है, जो इसे अपनी अलग श्रेणी में खड़ा करता है। यह बेहतरीन स्कूटर ग्राहकों को खुश करता रहेगा।

# जन्माष्टमी से पहले सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलावनहीं

नई दिल्ली।

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट आई है। वहीं चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर से नीचे आ कर 72,960 रुपये से लेकर 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67 हजार रुपये के स्तर से लुढ़क कर 66,940 रुपये से लेकर 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चाय तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्लीा।** अंतरराष्ट्री य बाजार में कच्चेह तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्री य बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 77.10 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी लुढ़ककर 72.90 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।



# अब टीम इंडिया के लिए कभी नहीं चलेगा गब्बर का बल्ला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** शिखर धवन ने इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर लिया है। 24 अगस्त की सुबह-सुबह सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान किया। गब्बर के नाम से मशहूर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज लंबे समय से टीम से बाहर चल रहा था। शुभमन गिल सरीखे युवा ओपनर्स के आने के बाद से उनकी टीम में वापसी मुश्किल नजर आ रही थी। वह आईपीएल खेलेंगे या नहीं इस बारे में फिलहाल कोई अपडेट नहीं है। लगभग 39 साल के हो चुके शिखर धवन ने भारत के लिए सबसे पहली बार 2010 में वनडे क्रिकेट खेला था, इसके बाद टी-20 और फिर टेस्ट फॉर्मेट में डेब्यू का मौका मिला।

मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और शिखर धवन ने मिलकर कई साल तक भारतीय टीम के लिए ओपनिंग की। दोनों टीम को तूफानी शुरुआत दिलाने के लिए मशहूर थे। शिखर धवन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डेब्यू करते हुए किसी पदार्पण खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज टेस्ट शतक लगाकर सिलेक्टर्स को चौंका दिया था। दिल्ली के रहने वाले धवन एक आक्रामक बल्लेबाज थे, जो गेंदबाजों के परखच्चे उड़ाने में मशहूर थे। अपनी घुमावदार मूंछों से नया स्टाइल स्टेटमेंट बनाने वाले धवन का कैच लपकने के बाद जांघों पर हाथ मारने का सिग्नेचर स्टाइल हमेशा याद रखा जाएगा।

2003-04 के अंडर-19 विश्व कप में तीन शतकों के साथ 84।16 की औसत से 505 रन बनाकर वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे। इसके बाद रणजी ट्रॉफी में धवन का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। आईपीएल और पांच वनडे मैच में निराशाजनक प्रदर्शन और टेस्ट सलामी बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद, ऐसा लग रहा था कि धवन को घरेलू क्रिकेट और टी-20 लीग तक की समेट दिया जाएगा, लेकिन किस्मत पलटी और सहवाग-गंभीर दोनों का फॉर्म अचानक बुरी तरह गिर गया, जिसके बाद 27 साल के धवन को मौका मिला और उन्होंने पीछे पलटकर नहीं देखा।

शिखर धवन आईपीएल में बैक-टू-बैक शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके लगाने का रिकॉर्ड धवन के नाम है। कुल रनों के मामले में वह सिर्फ विराट कोहली से पीछे हैं। धवन ने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल जीता। सनराइजर्स हैदराबाद के अलावा शिखर धवन दिल्ली डेयरडेविल्स (डीडी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस (एमआई) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के साथ खेल चुके हैं। धवन ने पंजाब किंग्स और एसआरएच दोनों की कप्तानी भी की है।

2010 में धवन को भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिला। साल 2011 में उन्होंने टी20 जबकि 2013 में टेस्ट क्रिकेट मे डेब्यू किया। धवन के करियर में सबसे अच्छा साल 2013 रहा। जब उन्होंने 26 वनडे मैचों में 1162 रन ठोक डाले। इसी साल धवन ने चैंपियंस ट्रॉफी में 5 मैच में 363 ठोके थे। भारत इस साल तीसरी बार आईसीसी इवेंट का चैंपियन बना था। इसके बाद धवन को टीम में लगातार मौके मिलते रहे।

धवन ने भारत की तरफ से 167 वनडे, 68 टी20 और 34 टेस्ट मैच खेले हैं। टेस्ट में 7 शतक के साथ उनके नाम 2315 हैं जबकि वनडे में 17 शतकीय पारी की बदौलत 6782 रन बनाए हैं। टी20 में धवन ने 11 हाफ सेंचुरी जड़ते हुए 1759 रन बनाए हैं। धवन ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 10 दिसंबर 2022 को बांग्लादेश के खिलाफ ही खेला था। इसके बाद से उन्हें टीम इंडिया में कभी मौका नहीं मिला।




# शाहीन शाह अफरीदी बने बेटे के पिता, चलते मैच में ऐसे की घोषणा

**खेल डैस्क।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और उनकी पत्नी अंशा अफरीदी की जिंदगी में पहली संतान आ गई है। शहीन बेटे के पिता बन गए हैं जिसका नाम अली यार रखा गया है। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की सबसे बड़ी बेटी है अंशा, जिन्होंने सुपरस्टार को दादा बनने का सुख दिया है। इससे पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि शाहीन अपने बेटे के जन्म के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। लेकिन जब पाकिस्तान के रेड-बॉल कोच जेसन गिलेस्पी ने अफरीदी के महत्व पर जोर दिया तो यह पाकिस्तानी तेज गेंदबाज पीछे नहीं हटा।

बता दें कि शाहीन और अंशा ने 2021 में सगाई की थी। इसके बाद 3 फरवरी 2023 को एक निजी निकाह समारोह में शादी कर ली। जुलाई में रिपोर्टें सामने आईं कि दंपति अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे थे। इस दौरान पाकिस्तान का बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच था लेकिन शाहीन ने ब्रेक लेने की बजाय मुकाबला खेला। 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के



बाद से, शाहीन पाकिस्तान के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी हैं। वह टेस्ट और वनडे दोनों में 100 से अधिक विकेट ले चुके है। टी20 में उनके नाम पर 96 विकेट दर्ज हो गए हैं। पाकिस्तान की घरेलू क्रिकेट लीग में भी बतौर कप्तान शाहीन ने झंडे गाड़े हैं। वह लाहौर कलंदर्स को 2022 और 2023 में पाकिस्तान सुपर लीग (क्स्र्) खिताब जितवा चुके हैं। वह हंड्रेड मेन्स और इंटरनेशनल लीग टी20 में भी भाग ले चुके हैं।

# बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने होम ग्राउंड पर ही पाकिस्तानी गेंदबाजों को धोया

### –लिटन ने मारा ऐसा छक्का कि स्टेडियम के बाहर जाकर गिरी गेंद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रावलपिंडी में खेले जा रहे पहले टेस्ट में बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना शानदार खेल दिखाया है। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 16 रन पर तीन विकेट के झटकों से उभरकर 448 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में खेलते हुए पाकिस्तान को जोरदार जवाब दिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने पांच विकेट पर 316 रन बनाए थे। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज शदनाम इस्लाम ने 93 तो मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम और लिटन दास ने अर्धशतक लगाए।

टेस्ट मैच की खासियत बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने पाकिस्तान के सबसे तेज गेंदबाज नसीम शाह की जमकर पिटाई की। 89वें ओवर में जब नसीम पूरे जोश के साथ लिटन को बाऊंसर मारने की कोशिश कर रहे थे तब बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर नसीम की गेंदों को पहुंचाया। लिटन ने नसीम के ओवर की शुरूआत चौके से की। उन्होंने दूसरे गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद पर नसीम जब राऊंड द लैग आए तो लिटन ने पुल शॉट से ऐसा गजब छक्का लगाया कि गेंद स्टेडियम से बाहर जाकर गिरी। इससे अगली गेंद पर लिटन ने एक और चौका मारकर नसीम की लय ही बिगाड़ दी। इसी ओवर में कुल 18 रन बने। लिटन ने 52 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। वह आठ चौके और एक छक्का लगाने के साथ अभी नाबाद किरीच पर जमे हुए हैं।

# चैरिटी के लिए 40 लाख में बिकी विराट कोहली की जर्सी, धोनी का बल्ला इतने लाख में बिका

**मुम्बई (एजेंसी)।** बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के प्रयासों के तहत केएल राहुल और उनकी पत्नी अथिया शेट्टी ने 'क्रिकेट फॉर चैरिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कई बड़े अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए अपनी संग्रहणीय वस्तुओं का योगदान दिया। इन्हीं में विराट कोहली की जर्सी 40 लाख में बिकी है। नीलामी से कुल 1.93 करोड़ जुटाए गए हैं। विराट के दस्ताने भी 28 लाख में बिके हैं जबकि रोहित शर्मा का बल्ला 24 लाख में बिका है। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी का बल्ले भी इस दौरान 13 लाख में बिका। वहीं, राहुल द्रविड़ का बल्ला 11 लाख में बिका और केएल राहुल की जर्सी भी इतनी ही कीमत में बिकी।

कोहली की जर्सी- 40 लाख
कोहली के ग्लव्स- 28 लाख
रोहित का बल्ला- 24 लाख




धोनी का बल्ला- 13 लाख
द्रविड़ का बल्ला- 11 लाख
राहुल की जर्सी- 11 लाख

बता दें कि इस चैरिटी शो के लिए भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, संजू सैमसन भी नेक काम के लिए आगे आए। जोस बटलर, क्विंटन डी कॉक और निकोलस पूरन जैसे अंतर्राष्ट्रीय सितारे भी इस पहल में शामिल रहे।

विराट कोहली क्रिकेट जगत के सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक है। उनकी इनकम क्रिकेट, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और अन्य व्यक्तिगत प्रोजेक्ट्स से आती है। विराट को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्ठ) से सैलरी मिलती है, जो उनके टेस्ट, वनडे, और टी20 मैचों के लिए होती है। इसके अतिरिक्त, वह आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में एक प्रमुख खिलाड़ी हैं और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हैं, जिससे उन्हें भी एक बड़ा वेतन प्राप्त होता है।

इसके अलावा विराट की कई प्रमुख ब्रांड्स के साथ साझेदारी भी है। ब्रांड एंडोर्समेंट्स से उनकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा आता है। इसमें नाइकी, पेप्सी, ओप्पो, और कई अन्य ब्रांड्स शामिल हैं। आमतौर पर विराट कोहली की कुल वार्षिक इनकम 100 से 150 करोड़ रुपये (या इससे अधिक) के बीच होती है, लेकिन ये आंकड़े ब्रांड एंडोर्समेंट्स और अन्य प्रोजेक्ट्स के आधार पर बदल सकते हैं।

# बीसीसीआई की आईपीएल से होने वाली कमाई 116 फीसदी बढ़ी : रिपोर्ट

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी विश्व का सबसे धनी बोर्ड है। उसकी आईपीएल लीग भी विश्व में नंबर एक पर है। फ्रेंचाइजी लीग में कोई भी लीग उसके सामने टिकती नहीं है। बीसीसीआई की आईपीएल से होने वाली कमाई 2022 से 2023 के बीच 116 फीसदी बढ़ी है। बीसीसीआई की सालाना रिपोर्ट के अनसार बोर्ड ने 2022 के आईपीएल सीजन से 2,367 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था, जो साल 2023 के आईपीएल संस्करण में 5120 करोड़ रुपए हो गया है। इस बढ़े हुए लाभ का मुख्य कारण प्रसारण अधिकार है, जिसे बोर्ड ने 2023 से 2027 के सीजन के लिए 48,390 करोड़ रुपए में बेचा है।




इसके अलावा दो साल पहले शुरु हुई महिला क्रिकेट ली से भी बीसीसीआई को 259 करोड़ की लागत से 636 करोड़ का लाभ हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023 में बीसीसीआई का बैंक बैलेंस भी साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गया। बीसीसीआई टॉप- 10 क्रिकेट बोर्डों के मुकाबल 85 फीसदी राजस्व हासिल करता है। वहीं कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर आस्ट्रेलिया का क्रिकेट बोर्ड क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) है पर उसकी और बीसीसीआई की कमाई में काफी अंतर है। वहीं तीसरे नंबर पर इंग्लैंड बोर्ड है।

# बुमराह कोहिनूर हीरे की तरह हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए : कार्तिक


नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम के लिए कोहिनूर हीरा बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें कप्तान नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे उनके चोटिल होने का खतरा बढ़ जाएगा। बुमराह ने इससे पहले 2022 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान स्टैंड-इन कप्तान के रूप में टीम इंडिया का नेतृत्व किया था, जब कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमण के चलते टीम से बाहर थे। उन्होंने पिछले साल आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया को 2-0 से जीत दिलाई थी, जहां उन्होंने गंभीर पीठ की चोट के कारण 11 महीने की छुट्टी के बाद वापसी की थी। कार्तिक ने कहा कि बुमराह खामोश तबीयत के हैं और उनमें अच्छी परिपक्वता है। लेकिन वह एक तेज गेंदबाज हैं, हम उसे तीनों प्रारूपों में कैसे खिला सकते हैं? चयनकर्ताओं के पास यह सबसे बड़ा सवाल है। बुमराह जैसे तेज गेंदबाज के लिए फिटनेस बनाए रखना जरूरी है। उसे एक खिलाड़ी के रूप में संरक्षित करने की जरूरत है। उसे महत्वपूर्ण मैचों में ही खेलने के लिए रखना चाहिए। कार्तिक ने आगे कहा कि बुमराह कोहिनूर हीरे की तरह है। हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए, उसकी देखभाल करनी होगी और यह तय करना होगा कि वह यथासंभव लंबे समय तक खेले क्योंकि जब भी बुमराह किसी भी प्रारूप में खेलता है, तो वह प्रभाव डालता है और यही हम चाहते हैं। यदि आप उस पर कप्तानी का बोझ डालते हैं और वह बहुत सारी सीरीज खेलता है तो वह खुद को घायल कर लेगा और यह बड़ी समस्या हो जाएगी।



# कॉफी विद करण विवाद पर केएल राहुल... मैं कभी क्लास से निलंबित नहीं हुआ

**मुंबई (एजेंसी)।** केएल राहुल को हार्दिक पांड्या के साथ करण जौहर द्वारा आयोजित टॉक शो कॉफी विद करण में विवादित टिप्पणी होने के कारण उन्हें टीम इंडिया से बाहर होना पड़ा था। हार्दिक ने इंटरव्यू में महिलाओं पर तीखा कमेंट किया था जिसके कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। तब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थी। राहुल और पांड्या दोनों को निलंबन के कारण समय से पहले भारत आना पड़ा था।

बहरहाल, राहुल ने लंबे समय के बाद कहा कि इंटरव्यू में एक अलग दुनिया थी। इसने मुझे बदल दिया। मुझे पूरी तरह से बदल दिया। मैं बड़ा होने पर बहुत ही मृदुभाषी व्यक्ति था। फिर मैंने भारत के लिए खेला और बहुत आश्वस्त हो गया। लोगों को पता चल जाएगा कि 100 लोगों के कमरे में कोई और भी था। अब मैं ऐसा नहीं करता क्योंकि उस साक्षात्कार ने मुझे टीम से निलंबित कर दिया था। मुझे स्कूल में कभी भी निलंबित नहीं किया गया, मुझे नहीं पता कि इस कैसे संभालना है।



राहुल ने बताया कि कैसे ट्रोलिंग ने उन्हें प्रभावित करना शुरू कर दिया है। राहुल ने कहा कि तब वह छोटे थे और अपने करियर पर ध्यान दे रहे थे। इस दौरान राहुल से पूछा कि क्या कॉफी विद करण में उनकी उपस्थिति को लेकर हुआ विवाद एक योगदान कारक था। राहुल ने जवाब दिया कि हालांकि वह विशेष रूप से उस घटना का जिक्र नहीं कर रहे थे, लेकिन विवाद के नतीजों का उन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

बता दें कि राहुल अभी आगामी दलीप ट्रॉफी 2024 के लिए तैयारी कर रहे हैं, जोकि 5 सितंबर से शुरू होने वाली है। स्टार भारतीय बल्लेबाज को बांग्लादेश, न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से चूकने के बाद टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद है। चोट के कारण इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 4 टेस्ट खेले थे। राहुल भारत की टी20 टीम से बाहर हैं। उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला है। राहुल 2023 विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के प्रमुख सदस्य थे।

# एक ही दिन में रोनाल्डो फॉलोअर्स 3 करोड़ के पार, यूटयूब पर केवल 10 घंटे के भीतर 1 करोड़ सब्सक्राइबर हासिल किए

नई दिल्ली । यूटयूब पर डेब्यू करते ही इस शानदार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। उन्होंने यूटयूब पर केवल 10 घंटे के भीतर 1 करोड़ सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं। रोनाल्डो ने यूट्यूब पर 3.17 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं, और समय के साथ यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। फुटबॉल स्टार को चैनल बनाए जाने के 90 मिनट से भी कम समय में 10 लाख फॉलोअर्स तक पहुंचने पर यूट्यूब गोल्ड प्ले बटन मिला, और अब उन्होंने 1 करोड़ सब्सक्राइबर तक पहुंचकर डायमंड प्ले बटन भी हासिल कर लिया है। जहां लोगों को इस मुकाम तक पहुंचने में कई साल लग जाते हैं, वहीं 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यह उपलब्धि मात्र 10 घंटे में हासिल कर ली। रोनाल्डो ने अपने यूट्यूब चैनल पर कंटेंट पोस्ट करना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अपने फैंस से वादा किया है कि वे फ्रियल क्रिस्टियानो रोनाल्डो' को भी देखने का मौका देंगे, जिसमें उनकी जिंदगी निजी स्टोरी शामिल होंगी। इस चैनल पर क्रिस्टियानो की पत्नी, जॉर्जिना रोड्रिग्ज, और उनके सबसे बड़े बेटे, क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर भी दिखाई देंगे। क्रिस्टियानो के चैनल के बनने से पहले, सबसे कम समय में 1 करोड़ सब्सक्राइबर हासिल करने वाले व्यक्ति मिस्टरबीस्ट थे, जिन्होंने यह उपलब्धि 132 दिनों में हासिल की थी। फिलहाल, मिस्टरबीस्ट के यूट्यूब पर सबसे ज्यादा, 311 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। हालांकि, रोनाल्डो ने मिस्टरबीस्ट का रिकॉर्ड तोड़कर एक नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। रोनाल्डो सोशल मीडिया पर भी अपनी बढ़त बनाए हुए हैं, जहां वह मशहूर एथलीट्स जैसे टॉम ब्रैडी (47 हजार) और अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी (2.5 मिलियन) से काफी आगे हैं। जबकि रोनाल्डो का यूट्यूब चैनल सुर्खियां बटोर रहा है, उनके अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी बड़ी संख्या में फैंस हैं। उनके फैंस ट्विटर पर 112.6 मिलियन, फेसबुक पर 170 मिलियन, और इंस्टाग्राम पर 636 मिलियन हैं। उनकी कुल सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या जल्द ही 1 अरब के आंकड़े को छूने वाली है, जो किसी भी एथलीट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार कहा था कि वह रिकॉर्ड्स का पीछा नहीं करते – बल्कि रिकॉर्ड्स उनका पीछा करते हैं। अब अपनी उसी कही गई बात को उन्होंने एक बार फिर से साबित कर दिया है।



# नासिर हुसैन ने क्यों की हैरी ब्रूक की केविन पीटरसन से तुलना

मुंबई । इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रूक की निरंतरता देखकर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भी चकित हुए हैं। उन्होंने ब्रूक की इंग्लैंड के लीजेंड प्लेयर केविन पीटरसन से तुलना कर दी है। अपने कॉलम में हुसैन ने प्रतिकूल परिस्थितियों या उनके खिलाफ हो सकने वाली स्थिति के बावजूद सहज दिखने की ब्रुक की क्षमता की प्रशंसा की। हुसैन ने बताया कि यह जरूरी नहीं कि पीटरसन या विव रिचर्ड्स जैसा बनने की कोशिश की जाए, बल्कि क्रीज पर हैरी ब्रूक के पास वह वास्तविक आभा है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनके पास लंबे लीवर के साथ पीटरसन की झलक है, लेकिन बेन स्टोक्स की अनुपस्थिति में, मध्य क्रम में ब्रूक की भूमिका इंग्लैंड के लिए जरुरी होती है। हुसैन ने कहा कि उनके पास बल्लेबाजों की शैली महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें इसतरह के खिलाड़ियों की ज़रूरत है जो मुकाबला कर सकें और सकारात्मक इरादे के साथ-साथ शांत और धैर्यवान भी हों। अपने कॉलम में हुसैन ने लिखा कि यह ओल्ड ट्रैफर्ड पिच वह है जहां अधिकांश बल्लेबाजों ने पूरी तरह से सहज महसूस नहीं किया है और यहीं पर ब्रुक और जेमी स्मिथ दोनों ने इसे कितना आसान बना दिया है। श्रीलंका ने पहले खेलकर धनंजय डी सिल्वा के 84 गेंदों पर 74, मिलन रथनायके के 135 गेंदों पर 72 रन की बदौलत 236 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक ने अच्छी स्थिति में पहुंचाया लेकिन महफिल जेमी स्मिथ ने लूटी। उन्होंने 148 गेंदों पर 111 रन बनाए और टीम का स्कोर 358 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट खोकर 204 रन बना लिए हैं। श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज और कुमांदु मेंडिस अर्धशतक बनाने में सफल रहे। अभी उनके पास 82 रन की लीड है।

# चेन्नई सुपर किंग्स इन खिलाड़ियों को कर सकती है रिटेन, रहाणे-शार्दुल और चाहर को होगी छुट्टी !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसी साल आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी होनी है। हालांकि, अभी इसकी डेट सामने नहीं आई है। लेकिन कहा जा रहा है कि आयोजन दिसंबर महीने में किया जा सकता है। वहीं आईपीएल का आगामी सीजन पहले से ही काफी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि, आईपीएल मेगा नीलामी 2025 को लेकर बीसीसीआई और फ्रेंचाइजियों को लेकर बातचीत जारी है और फाइनल नतीजा बोर्ड के द्वारा नीलामी से पहले बताया जाएगा।

बता दें कि, इस बार खिलाड़ियों को रिटेन करने को लेकर काफी बातें सामने आ रही हैं और कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई इसे 4 से बढ़ाकर 6 कर सकती है।

आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी से पहले अगर बोर्ड की तरफ से खिलाड़ियों को रिटेन करने की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की जाती है तो इस कड़ी में चेन्नई सुपर किंग्स इस बार 4 नहीं बल्कि 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। चेन्नई के पास मौजूदा समय में 25 खिलाड़ी हैं जिसमें ओवरसीज खिलाड़ियों की संख्या 8 है जबकि 17 भारतीय खिलाड़ी हैं। जिसमें अनकैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। चेन्नई ऐसी टीम है जो अपने खिलाड़ियों पर भरोसा जताती है और उन्हें पूरी तरह से बैक करती है।

आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स जिन खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं उनमें पहला नाम टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का हो सकता है। गायकवाड़ को आईपीए 2024 से पहले एमएस धोनी की जगह टीम का कप्तान बनाया गया था। ऋतुराज ना सिर्फ एक अच्छे कप्तान हैं बल्कि शानदार बल्लेबाज भी हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम रविंद्र जडेजा का हो सकता है जो टीम के शानदार ऑलराउंडर हैं। हालांकि, जडेजा टी20 से संन्यास ले चुके हैं। जबकि तीसरा नाम शिवम दुबे का हो सकता है।


सीएसके के द्वारा जिन 6 खिलाड़ियों को रिटेन किए जाने की संभावना है उसमें चौथा नंबर मथीशा पथिराना हो सकते हैं जो कमाल के गेंदबाज हैं। पांचवें नंबर पर डेवोन कॉनवे हो सकते हैं जो शानदार बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में छठे नंबर पर दिग्गज एमएस धोनी हो सकते हैं। धोनी भी साफ कर चुके हैं कि वो भी रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की संक्या पर फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद सीएसके की टीम पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। एक तरफ जहां सीएसके ऋतुराज, धोनी, जडेजा, शिवम दुबे, डेवोन कॉन्वे और पथिराना जैसे खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। तो वहीं ये टीम कई खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है। इनमें अंजिक्य रहाणे, रचिन रविंद्र, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, मुस्तफिजुर रहमान, मुकेश चौधरी, तुषार देशपांडे, शेख रशीद, मिटेस सैंटनर जैसे खिलाड़ी होंगे।



# टेस्ट क्रिकेट को बचाने विशेष कोष बनायेगा आईसीसी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट को बचाये रखने के लिए प्रयास शुरु कर दिये हैं। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी उसका साथ देने के लिए तैयार है। आईसीसी टेस्ट क्रिकेट को बनाये रखने के लिए 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करेगा। इससे इस प्रारुप में खेलने वाले खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। खिलाड़ियों की मैच फीस भी बढ़ेगी। आईसीसी का मानना है कि इस प्रस्ताव से इन खिलाड़ियों को टी20 फ्रेंचाइजी लीग के आकर्षण से भी दूर रखा जा सकेगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) भी इससे सहमत है। शाह के अगले आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में होने से माना जा रहा है कि ये प्रस्ताव स्वीकार हो जाएगा। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटर्स की न्यूनतम मैच फीस भी बढ़ जाएगी। इस कोष से विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने में भी सहायता मिलेगी। इससे वेस्टइंडीज जैसे आर्थिक तौर पर कमजोर क्रिकेट बोर्ड को भी सहायता मिलेगी। अभी वेस्टइंडीज के क्रिकेट टेस्ट की उपेक्षा कर टी20 लीग के लिए जा रहे हैं। वहीं माना जा रहा है कि इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान तय होगा ये लगभग 10000 डॉलर होगा। इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों का खर्च भी इस कोष से भुगतान किया जाएगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।'



## अब सिद्धार्थ आनंद लगाएंगे अक्षय कुमार की नैया पार! एक्शन फिल्म के लिए मिलाया हाथ?



ऋतिक रोशन और शाहरुख खान के साथ काम करने के बाद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की अगली पसंद अक्षय कुमार हैं। ऐसा दावा मीडिया रिपोर्ट्स में किया जा रहा है। खबरों की मानें तो यह जोड़ी एक नई एक्शन फिल्म के लिए सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी फिल्म का निर्देशन मिलन लूथरिया द्वारा किया जाएगा और इसका निर्माण आनंद के प्रोडक्शन हाउस, मार्फिलक्स के तहत किया जा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है कि अक्षय कुमार और सिद्धार्थ आनंद कुछ समय से एक फिल्म पर विचार कर रहे थे। अब इस जोड़ी ने लुथरिया द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजन फिल्म को अंतिम रूप दे दिया है। जानकारी के अनुसार, जब स्क्रिप्ट लॉक हो गई, तो तीनों ने महसूस किया कि अक्षय कुमार इस किरदार के लिए सबसे उपयुक्त हैं...और स्क्रिप्ट सुनने पर अक्षय को भी लगा कि यह उनके लिए सही फिल्म है।


सूत्र ने यह भी बताया कि अक्षय कुमार, सिद्धार्थ आनंद के मार्गदर्शन में एक्शन की एक नई शैली की खोज को लेकर रोमांचित हैं। अभिनेता आगामी फिल्म में पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय को एक्शन स्पेस पसंद है और वह हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं। मिलन लुथरिया निर्देशित इस फिल्म में वह पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जो एक्शन में उनके द्वारा बनाई गई विरासत के साथ न्याय करता है। मार्फिलक्स आने वाले साल में कई फिल्मों के लिए तैयारी कर रहा है। इनमें शाहरुख खान और सुहाना खान अभिनीत सुजॉय घोष निर्देशित किंग शामिल है। सैफ अली खान के साथ रॉबी ग्रेवाल निर्देशित ज्वेल थीफ और ऋतिक रोशन के नेतृत्व वाली सुपरहीरो फ्रेंचाइजी कृष 4 शामिल है। काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में ने 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दी। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने में विफल नजर आई है। वहीं, आने वाले दिनों में खिलाड़ी कुमार को जॉली एलएलबी 3, वेलकम टू द जंगल और हाउसफुल 5 जैसी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में देखा जाएगा।



# मैं सार्वजनिक संपत्ति नहीं... पैपराजी के साथ होने वाली नोकझोंक पर तापसी की दो टूक

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ ही अपने बेबाक अंदाज के कारण भी सुर्खियों का हिस्सा बनती हैं। एक तरफ तापसी एक से बढ़कर एक हसीन तस्वीरों से प्रशंसकों को अपने जीवन की झलकियां देती नजर आती हैं। तो, दूसरी तरफ उन्हें अक्सर ही फोटो लेने आए पैपराजी से झगड़ा मोल लेते देखा जाता है। इस वजह से वह काफी ज्यादा ट्रोल भी होती हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है और अपना पक्ष साफ करती नजर आई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने बड़े पैमाने पर ट्रोलिंग और पैपराजी युग में एक सार्वजनिक हस्ती होने के चुनौतीपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। ऑनलाइन आलोचना पर विचार करते हुए तापसी ने स्वीकार किया, मुझे लगता है कि मैंने ऐसा जीवन चुना है जिसके बारे में दुर्भाग्य से मुझे बहुत देर से पता चला कि कुछ करो ना करो, ट्रोल तो तुम होगे ही। तापसी पन्नू ने अपनी बात में आगे जोड़ा, तो, मुझे लगता है कि यह ट्रोलिंग हाल ही में हम सभी के जीवन में आ गई है। साथ ही मुझे लगता है कि मैं कुछ प्रासंगिक हूं तभी ट्रोल हो रही हूं। लोग आप पर नकारात्मकता में समय बर्बाद कर रहे हैं। मुझे लगता है, ठीक है, मैं किसी तरह से उनके समय के लायक हूं।

तापसी का मानना है कि आज के ट्रोल्स की कठोरता के बावजूद उनमें करियर को खत्म करने की शक्ति नहीं है जैसा कि पहले के समय में हुआ करता था। अभिनेत्री ने कहा, नहीं, वे करियर नहीं खत्म कर सकते वरना मैं यहां नहीं होती। तापसी ने पैपराजी के साथ समय-समय पर हो जाने वाली नोकझोंक पर भी चुप्पी तोड़ी। तापसी पन्नू ने कहा, मेरे पास इस तथ्य का बहुत स्पष्ट तर्क है कि मैं एक सार्वजनिक इंसान हूं, सार्वजनिक संपत्ति नहीं। दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने व्यक्तिगत स्थान पर अपने अधिकार का दृढ़ता से दावा किया, और इस बात पर प्रकाश डाला कि फोटोग्राफरों द्वारा अनुचित आक्रमण सीमा को लांघ देती है। तापसी ने कहा, अगर आप मुझ पर चिल्लाएंगे, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगी। अगर आप मुझ पर कूदते हैं और मुझ पर झपटते हैं और शारीरिक रूप से मेरे बहुत करीब आते हैं, तो यह स्वीकार्य नहीं है।



## आईपीएस अफसर बनना चाहती थीं पवित्रा, टीवी में आने के लिए बदला नाम

बिग बॉस 14 के जरिए सुर्खियों में आई टीवी की मशहूर अभिनेत्री पवित्रा पुनिया अपना जन्मदिन मना रही हैं। साल 2020 में अभिनेत्री ने अपनी अदाओं से बिग बॉस के जरिए फैंस को दीवाना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अभिनेत्री पहली बार साल 2009 में टीवी के मशहूर शो स्प्लिट्सविला में नजर आई थीं। दिल्ली के रोहिणी इलाके में अभिनेत्री की स्कूलिंग हुई, वह एक आईपीएस अफसर बनना चाहती थीं। इसके लिए पवित्रा ने करीब डेढ़ साल तक यूपीएससी की तैयारी भी की थी। इसके अलावा उन्होंने हॉस्पिटैलिटी में डिप्लोमा भी किया है। शायद बहुत ही कम लोगों को पता होगा कि पवित्रा का असली नाम नेहा सिंह है, उन्होंने अपना यह नाम टीवी शो में आने से पहले रखा था।



## फिर बदली लकी भास्कर की रिलीज डेट, अब दिवाली पर देगी दस्तक

दुलकर सलमान की अगली फिल्म लकी भास्कर अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, वेंकी एटलुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल चुकी है। सबसे पहले इस फिल्म की रिलीज की तारीख 27 सितंबर तय की गई थी, जिसे बाद में बदलकर 7 सितंबर कर दिया गया था। हालांकि, अब इसकी रिलीज डेट में फिर से बदलाव हुआ है, जिससे इसका इंतजार कर रहे प्रशंसकों को झटका लगना लाजमी है।


### दिवाली पर दस्तक देगी लकी भास्कर

मंगलवार को लकी भास्कर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की। यह अब दिवाली के अवसर पर 31 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की प्रत्याशा को ध्यान में रखते हुए, निर्माताओं ने एक नोट जारी किया जिसमें कहा गया कि वे फिल्म की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं। बयान में कहा गया है, हम इसे हर भाषा में यथासंभव प्रामाणिक रूप से देसी बनाना चाहते हैं। टीम इसके पैन इंडिया रिलीज की भी योजना बना रही है जिसके लिए उन्हें अधिक समय की आवश्यकता है। लकी भास्कर के एक पीरियड थ्रिलर होने की उम्मीद है। फिल्म में दुलकर सलमान एक बैंकर की भूमिका निभाएंगे, जिसे अमीर बनने का एक रहस्यमय तरीका मिलता है। मीनाक्षी चौधरी, आयशा खान और पी. साई कुमार कलाकारों का हिस्सा हैं। लकी भास्कर का निर्देशन फिल्म निर्माता वेंकी एटलुरी ने किया है। सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के सहयोग से निर्मित यह फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमा के नागा वामसी और साई द्वारा किया जा रहा है। फिल्म के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार हैं। यह फिल्म 31 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी।

## एक बार फिर साथ धूम मचाएंगे विशाल भारद्वाज-शाहिद कपूर

शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज ने साल 2009 में कमीने और 2014 में हैदर के साथ बड़े पर्दे पर साथ काम किया था। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल किया था। अब, एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि निर्माता साजिद नाडियाडवाला एक्शन से भरपूर थ्रिलर के लिए शाहिद और विशाल को वापस ला रहे हैं। गौरतलब है कि यह भारद्वाज के करियर की पहली एक्शन फिल्म होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, साजिद नाडियाडवाला, शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज ने एक एक्शन थ्रिलर के लिए हाथ मिलाया है। जानकारी के अनुसार, विशाल भारद्वाज ने अपने करियर की पहली एक्शन फिल्म विकसित की है और निर्माता इसे बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। यह एक मिशन-आधारित एक्शन थ्रिलर है और साजिद नाडियाडवाला इसे सबसे बड़े संभावित तरीके से पेश करने के लिए उत्साहित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, साजिद और विशाल का मानना है कि शाहिद कपूर इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त हैं। इतना ही नहीं निर्माता अब तक बिना शीर्षक वाली इस फीचर फिल्म के लिए विशाल एक्शन सेट बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, शाहिद कपूर इस एक्शन थ्रिलर की कहानी से प्रभावित थे और स्क्रिप्ट में जोरदार एक्शन देखकर इसे करने के लिए तुरंत राजी हो गए।





## बॉलीवुड में आना चाहते हैं बॉबी देओल के बेटे आर्यमन-धरम

बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल एनिमल के बाद से लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। जल्द ही वह साउथ फिल्म कंगुवा में दिखाई देंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने बच्चों की इंडस्ट्री में शामिल होने की इच्छा के बारे में बताया है। उन्होंने खुलासा किया कि उनके दोनों बेटे आर्यमन और धरम देओल अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए उत्सुक हैं। बॉबी ने अपने बच्चों को दिए जाने वाले मार्गदर्शन के बारे में भी खुलकर बात की। बॉबी देओल ने बताया कि वह अक्सर अपने बच्चों के साथ इंडस्ट्री को लेकर बात करते हैं। वह उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। अभिनेता ने हाल ही में एक बातचीत में बताया, मेरे दोनों बच्चे इस इंडस्ट्री में आना चाहते हैं। इसलिए मैं उनके साथ चीजों पर चर्चा करता रहता हूं। मैंने हमेशा ये सुनिश्चित किया है कि वे हमारी संस्कृति से अधिक जुड़े रहें। उन्होंने आगे कहा, हिंदी में बोलना कुछ ऐसा है, जिसे मैंने हमेशा प्राथमिकता दी है। मेरे बच्चे हिंदी बोलते हैं, जो वास्तव में महत्वपूर्ण है। क्योंकि अगर आप हिंदी सिनेमा में अभिनेता बनना चाहते हैं, तो यह आवश्यक है। अभिनेता ने नए पहलुओं की खोज करने के बारे में भी उत्साह जताते हुए कहा, अब चीजें बदल गई हैं। मैं हरियाणवी लहजे और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर की अन्य चीजें करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह सब करना मजेदार है।

इस दौरान अभिनेता से पूछा गया कि क्या उनके बच्चों को उनका समर्थन मिलने से वह ज्यादा आत्मविश्वासी या नर्वस महसूस करते हैं। इस पर बॉबी ने कहा, मेरे उनके पिता होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं उन्हें गाइड कर सकता। मैं उन्हें गाइड कर सकता हूं। मगर इंडस्ट्री में जगह बनाना मुश्किल है। सिर्फ, एक्टर्स के लिए ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में लोग अक्सर इस बारे में बात करते हैं।





## वायु की मां बनना जिंदगी का सबसे बड़ा गिफ्ट है

फिल्म अभिनेत्री सोनम कपूर ने बेटे वायु के दूसरे बर्थडे पर खास पार्टी का आयोजन किया। जिसमें करीबी रिश्तेदारों ने शिरकत की थी। सोनम ने इंस्टाग्राम पर चॉकलेट केक की एक रील साझा की। इसमें केक के ऊपर एक विंटेज आइस ब्लू कार थी, जिस पर नंबर 2 लिखा हुआ था। 20 अगस्त को सोनम ने अपने बेटे वायु के लिए एक दिल को छू लेने वाला नोट लिखा। कहा कि वायु की मां बनना उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा गिफ्ट है। सोनम ने कहा, मेरा बच्चा आज दो साल का हो गया है। हमारे प्यारे वायु को दूसरे जन्मदिन की शुभकामनाएं, तुम्हारी मां बनना मेरे लिए अब तक का सबसे बड़ा उपहार है। तुमने हमारे जीवन को बहुत खुशी, हंसी और आश्चर्य से भर दिया है।

अभिनेत्री ने साझा किया कि वायु के साथ, हर दिन एक रोमांच है जो आपकी असीम जिज्ञासा, आपकी संक्रामक हंसी और आपके मधुर, प्रेमपूर्ण स्वभाव से भरा है। आपने हमारी दुनिया में इतनी रोशनी और खुशी लाई है, जिससे हर पल और अधिक सुंदर और हर रिश्ता मजबूत हुआ है। आपने अपने दादा और मेरे बीच के प्यार को उन तरीकों से गहरा किया है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी, और आपने उन सभी के लिए शुद्ध, अनफिल्टर्ड खुशी लाई है जो आपसे प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि वायु उनकी धूप, संगीत, छोटी प्रतिभा और उनकी अंतहीन खुशी का स्रोत है। हम आपको शब्दों से ज्यादा प्यार करते हैं, और हम उन सभी अद्भुत चीज़ों को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते जो आप हमारे जीवन में लाते रहेंगे।

## शो कॉल मी बे में नजर आने वाले हैं, कहा- मैं मजाकिया किस्म का इंसान हूं...

अभिनेता वरुण सूद अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज कॉल मी बे की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्हें लगता है कि इस सीरीज ने उन्हें एहसास दिलाया कि उनमें हास्य की अच्छी समझ है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि उन्हें इस चीज का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि वह हास्य की अच्छी समझ रखते हैं। मेरी मां को लगता था कि मैं मजाकिया हूं, लेकिन मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मां हमेशा अपने बच्चों की सराहना ही करती रहती हैं। सीरीज में वरुण एक जिम ट्रेनर की भूमिका में दिखाई देंगे। इसमें अनन्या पांडे दिल्ली की लड़की का किरदार निभा रही हैं। इस सीरीज में अनन्या का मुख्य किरदार दिल्ली के एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता है। वह बहुत ही सुरक्षित माहौल में पली-बढ़ी है, लेकिन उसे बॉम्बे जाना पड़ता है। शो के ट्रेलर से पता चलता है कि सीरीज मजेदार होने वाली है। सीरीज में वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिल्ली के रहने वाले वरुण सूद ने शुरू में अपने पिता और दादा के नक्शेकदम पर चलते हुए सेना में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने शोबिज की ओर रुख कर लिया। उन्होंने एक फिटनेस ट्रेनर के रूप में अपना करियर शुरू किया और 'एमटीवी रोडीज', 'एमटीवी स्प्लिट्सविला', 'ऐस ऑफ स्पेस' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे रियलिटी शो में भाग लिया। उन्होंने 'रागिनी एमएमएस- रिटर्न्स' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

